तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

# एक्सप्रेस के बाद अब 9 लोकल ट्रेन भी रद्द, 15 से 17 तक रायपुर-बिलासपुर मेमू की नहीं मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लाक के कारण रद्द रहेगी ट्रेन

भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाने लगातार पटरियों में विस्तार का कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कर रहा है। इसी क्रम में अब एक्सप्रेस के बाद मंडल की लोकल ट्रेन रद्द करने का फैसला लिया गया है। 15 से 17 नवंबर तक रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज निर्माण के लिए बॉक्स पुशिंग के लिए रिलीविंग गर्डर की लॉन्चिंग की जाएगी। रेलवे का कहना है कि इस कार्य के पूर्ण होते ही सड़क मार्ग के उपयोकर्ताओं को सुविधा के साथ ही गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। रद्द ट्रेनों में रायपुर व बिलासपुर से गुजरने वाली ट्रेन शामिल है। 15 नवंबर को 4 व 16 को एक, फिर 17 और 18 नवंबर को 2-2 ट्रेन रद्द रहेगी।

हरिभूमि सरोकार



रद्द रहेगी यह ट्रेन

- 15 नवंबर को गाड़ी संख्या 08728 रायपुर-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी।
- 15 नवंबर को गाडी संख्या 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमु रद्द रहेगी।
- 15 नवंबर को गाडी संख्या 08733 गेवरा रोड- बिलासपुर मेमु रद्द रहेगी।
- 15 व 16 नवंबर 2024 को गाडी संख्या 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू रद्द रहेगी।
- 16 नवंबर को गाडी संख्या 08727 बिलासपुर-रायपुर मेमू रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर को गाडी संख्या 08261 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर को गाडी संख्या 08275 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 18 नवंबर को गाडी संख्या 08276 जूनागढ़- रायपुर रोड पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 18 नवंबर को गाडी संख्या 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।

## 7 स्पेशल ट्रेनों में 50 हजार से अधिक यात्रियों ने किया सफर

### रायपुर-बिलासपुर से सर्वाधिक बुकिंग

■ दीपावली और छठ पूजा के दौरान स्पेशल ट्रेन से जोन के यात्रियों को मिला लाभ

रायपुर। त्योहारी सीजन में ट्रेनों की भीड़ कम करने इस बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पिछले साल से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाई है। दीपावली और छठ के दौरान राजधानी के रेलवे स्टेशन में 80 हजार से भी अधिक यात्रियों की आवाजाही रही। यात्रियों की सुविधा में 7 स्पेशल ट्रेन विभिन्न रूट के लिए चलाई गई। इसका लाभ यात्रियों के साथ रेलवे को आर्थिक रूप में हुआ है। इन स्पेशल ट्रेनों में 50 हजार से

▶▶|शेष पेज 14 पर

### पटना के लिए कम पड़ी स्पेशल ट्रेन

रायपुर से बिहार जाने के लिए सामान्य दिनों में तीन ट्रेनों की सुविधा मिलती है। छठ पूजा के दौरान रेलवे ने दुर्ग-पटना, गोंदिया-पटना स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है, लेकिन इसके बाद भी भीड़ इतनी थी कि यह ट्रेन में कम पड़ गई। स्पेशल ट्रेनों के वजह से कई यात्रियों को कंफर्म सीट मिल सका। इसके अलावा दुर्ग-अमृतसर व बिलासपुर-हडपसर-बिलासपुर यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सहूलियत मिली।

### त्योहार में पिछले वर्ष से अधिक चली ट्रेन

दुर्गा पूजा व दिवाली समेत छठ में भारतीय रेलवे द्वारा 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की गई है, पिछले वर्ष इसी अवधि में 4,429 ट्रिप चलाई गई थी। यह पिछले वर्ष से 73 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रेलवे द्वारा 1 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच 5,489 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं, जिसमें 3 नवंबर को 207 ट्रेनें, 4 नवंबर को 203 ट्रेन, 5 नवंबर को 171 ट्रेनें, 6 नवंबर को 164 ट्रेनें, 7 नवंबर को 164 ट्रेनें, 8 नवंबर को 164 ट्रेनें, 9 नवंबर को 160 ट्रेनें, 10 नवंबर को 161 ट्रेनें एवं 11 नवंबर को 155 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शामिल है।

## खबर संक्षेप

### सब्जी विक्रेता से ठेला लगाने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में बजरंग नगर निवासी सब्जी विक्रेता राजेश चौहान ने बजरंगी तथा किशन चौहान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि बजरंगी तथा किशन ने उसे उसके घर के आगे सब्जी ठेला लगाने से मना करते हुए मारपीट की।

### शराब पीने-पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे एक दर्जन से ज्यादा शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही ठेले, खोमचे तथा ढाबे में शराब परोसने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 70 पौवा शराब जब्त की है।

### घरेलू विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** खरोरा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। केसला निवासी डोमन साहू ने सुरेश वर्मा तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष की ओर से सुरेश ने डोमन लाल तथा सूरी, बादल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

डीन की उपस्थिति में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक में हुआ बड़ा फैसला

# मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, शिकार जूनियरों के बयान दर्ज, पांच सीनियर एक माह सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी, परिजन को देना होगा शपथपत्र**

एमबीबीएस के नवप्रवेशी छात्रों से रैगिंग के मामले में दो के बजाए पांच सीनियरों को दोषी मानते हुए एक माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। सोमवार को रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के डीन डा. विवेक चौधरी की उपस्थिति में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक में बड़ी कार्रवाई की गई है। निलंबन के साथ ही दोषी छात्रों के परिजनों को कालेज प्रबंधन के सामने उपस्थित होना पड़ेगा। उनसे शपथपत्र लिया जाएगा कि भविष्य में बच्चों द्वारा इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं होगी।

रैगिंग के मामले में रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन की सक्रियता पर सवाल उठाया जा रहा था। रैगिंग पिछले माह हुई और प्रबंधन ने इस पर गंभीरता एनएमसी के अधिकारियों से मिले पत्र के बाद दिखाई। इस मामले में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र अंशु जोशी और दीपराज वर्मा को दस दिन के लिए निलंबित किया गया था। निलंबन की कम अवधि और इस दौरान अवकाश को लेकर भी कालेज प्रबंधन पर अंगुली उठाई जा रही थी। मामले में सोमवार को डीन

▶▶|शेष पेज 14 पर

हरिभूमि फॉलोअप


हरिभूमि रायपुर भूमि

शासकीय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, छात्राओं से मांगी फोटो 50 छात्रों के सिर मुंडवाए, थप्पड़ मारे, दो सीनियर निलंबित

### बाल कटवाने और फोटो मांगने का आरोप

एमबीबीएस के सीनियर छात्रों पर आरोप था कि उन्होंने नवप्रवेशी छात्रों को बाल कटवाने के लिए प्रताड़ित किया था। इसके साथ कुछ छात्राओं से व्हाट्सएप पर फोटो की मांग की थी। हास्टल में मारपीट कालेज आने स्कूली ड्रेस जैसे कपड़े और बैग की अनिवार्यता लागू की गई थी। इस तरह की मानसिक और शारीरिक परेशानी से त्रस्त होने पर एमबीबीएस के छात्रों ने मामले की शिकायत हाईलेवल पर कर दी थी और माहौल गरमा गया था।

### डीन खुद रख रहे नजर

मामला सामने आने के बाद मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी स्वयं गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। उनके द्वारा क्लासरूम के साथ उन स्थानों पर भी निगाह रखी जा रही है, जहां अधिक संख्या में जूनियर और सीनियर छात्र एकत्रित होते हैं। इसके अलावा तमाम विभागाध्यक्षों को भी इस तरह की गतिविधि पर नजर रखने कहा गया है। चिकित्सा छात्रों से भी अपील की गई है कि रैगिंग जैसी किसी भी तरह की घटना की जानकारी शिक्षकों को दें।

### प्रवेश रद्द करने के साथ सजा का भी प्रावधान

रैगिंग को एक गंभीर अपराध माना जाता है। इस कृत्य में गंभीरता के आधार पर दोषी छात्र का प्रवेश रद्द करने के साथ एफआईआर के बाद सजा का भी प्रावधान है। रायपुर मेडिकल कालेज में हुई घटना पर छात्रों के खिलाफ एक्शन का फैसला लेने के दौरान उनके भविष्य को ध्यान में रखा गया है। हालांकि इस घटना के बाद कालेज में होने वाली इस तरह की किसी भी गतिविधि पर विशेष निगाह रखी जा रही है।

### रैगिंग में दो मुख्य दोषी, तीन सहयोगी

एंटी रैगिंग कमेटी की दोपहर डेढ़ से शाम चार बजे तक चली बैठक में दोनों पक्षों के बयान और मामले के अध्ययन के बाद पांच लोगों को दोषी माना गया है। इसमें चार नवंबर को निलंबित किए गए अंशु जोशी और दीपराज वर्मा को रैगिंग का मुख्य जिम्मेदार माना गया है। शेष तीन पर आरोप है कि उन्हें रैगिंग की जानकारी थी और साथी बैचमेट की हरकतों के लिए उनका समर्थन था। हालांकि पांचों पर निलंबन की कार्यवाही एक ही तरह से की गई है। उनसे इस बात का स्टांप पेपर में शपथ पत्र लिया जा रहा है कि दूसरी बार वे ऐसे कृत्य में फंसते है तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

### 2023 बैच के छात्रों को सख्त हिदायत

एंटी रैगिंग कमेटी ने वर्ष 2023 बैच के सभी छात्रों को इस बात की सख्त हिदायत दी है कि वे इस तरह की गतिविधियों से दूर रहेंगे उनके खिलाफ अगर शिकायत आती है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ वर्ष 2024 बैच के नवप्रवेशी छात्रों का कहा गया है कि किसी तरह की आपत्तिजनक कृत्य होने पर वे पहली जानकारी एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्यों को देंगे ताकी मामले का निपटारा कालेज स्तर पर ही किया जा सके।

## राजधानी में कार से 27 लाख कैश जब्त, आयकर विभाग को सौंपा मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ उपचुनाव जांच अभियान के दौरान पुलिस को मिली बड़ी सफलता

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रचार थमने के अंतिम दिन जांच अभियान के दौरान फिर से एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक कार से 27 लाख से अधिक नकदी जब्त की है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र के भाठागांव में बने स्थैतिक निगरानी दल पॉइंट पर वाहन जांच के दौरान बड़ी नकदी बरामद हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एसएसटी टीम ने जांच के दौरान कार नंबर सीजी 08 एआर 8800 को रोका। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजकुमार सिंह परस्ते और गवाहों की उपस्थिति में कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार सवार के पास एक काले रंग का बैग मिला, जिसे जांचने पर उसमें 27 लाख 10 हजार रुपए की नकदी पाई गई। एसएसटी टीम द्वारा जब उस व्यक्ति से नकदी से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इस नकदी को जब्त कर इंकम टैक्स विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। 9 नवंबर को भी पुलिस ने जांच के दौरान एक बाइक से 8 लाख नकदी जब्त की है, यह मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का था।

## छत्तीसगढ़ में बिकने लगीं सीएनजी कारें, रायपुर में दूसरा पंप भी खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में राजधानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई में भी अब सीएनजी की कारें और अन्य वाहन बिकने प्रारंभ हो गए हैं। प्रदेश के अन्य शहरों में भी ये वाहन जल्द बिकने लगेंगे। ऐसे में छत्तीसगढ़ में भी आने वाले समय में सीएनजी वाहन ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर दिखने लगेंगे। प्रदेश में सीएनजी के पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। राजधानी रायपुर में अब दूसरा पंप भी खुल गया है। रायपुर में करीब आधा दर्जन पंप खुलने वाले हैं। इनमें से दो पंप इसी माह खुल जाएंगे। प्रदेश के कई शहरों में अडानी के पंप भी खुल गए हैं। ऐसा होने से प्रदेश में सीएनजी के वाहनों की बिक्री का रास्ता खुल गया है। रायपुर में अब तक मारुति और टाटा के करीब दो दर्जन वाहन बिक गए हैं। जैसे-जैसे डिमांड आ रही है, ऑटोमोबाइल

▶▶|शेष पेज 14 पर

हरिभूमि फॉलोअप

**डिमांड पर मिल रही हैं टाटा और मारुति की कारें**







### सीएनजी में तीन रुपए किमी का खर्च

सीएनजी गैस 90 रुपए के आस-पास एक लीटर है। एक लीटर गैस में वाहन का एवरेज पेट्रोल वाले वाहन से डेढ़ गुना आता है। यानी पेट्रोल वाले वाहन में 20 किलोमीटर का एवरेज है तो सीएनजी में यह 30 किलोमीटर रहता है। ऐसे में पेट्रोल वाले वाहन में पांच रुपए प्रति किलोमीटर का खर्च आता है, जबकि सीएनजी में यह खर्च तीन रुपए लगता है।

### मारुति का हर मॉडल सीएनजी

मारुति कंपनी की कार में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलर अनिल अग्रवाल ने बताया उनके यहां अब तक एक दर्जन से ज्यादा अलग-अलग मॉडल की कारें बिक गई है। ग्राहकों की डिमांड के हिसाब से उनको मॉडल मंगाकर दे रहे हैं। किसी भी मॉडल के ज्यादा वाहन मंगाकर नहीं रख रहे हैं। टाटा कंपनी के डीलर रवींद्र भसीन ने बताया टाटा कंपनी के भी रायपुर में करीब एक दर्जन वाहन बिक गए हैं। कुछ कंपनी के कमर्शियल वाहन और ऑटो भी बिक रहे हैं।

### प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा पंप


सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप सितंबर में लोधी पारा में खुला था। इसके बाद बीते माह आमानाका भी एक पंप खुला है। एक पंप जल्द ही तेलीबांधा में खुलने वाला है। इसी के साथ सेंट्रल जेल के पेट्रोल पंप में भी सीएनजी वाहनों के लिए स्टेशन तैयार हो गया है। यहां भी सीएनजी के वाहनों को गैस मिलने लगेंगे। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। अभी रायपुर में उतने ज्यादा वाहन सीएनजी वाले नहीं हैं, लेकिन आने वाला समय इन्हीं वाहनों का है। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है। रायपुर के अलावा इस समय बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसके पंप जल्द खुलने वाले हैं।

## महीने का पहला पश्चिमी विक्षोभ आ रहा, ठंड की तारीख आगे खिसकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवंबर का पहला पश्चिमी विक्षोभ भारतीय सीमा में सक्रिय होने वाला है। इसकी वजह से आने वाली नमी के असर से ठंड के आगमन की संभावित तारीख आगे खिसक गई है। अब राज्य में दूसरे पखवाड़े में ही तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने का अनुमान है।

विक्षोभ के असर से बादल तो छाए रहेंगे, मगर रात के तापमान में और बढ़ोतरी नहीं होगी। आने वाले दिनों में मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ 70 डिग्री पूर्व में स्थित है। इसके प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बरकरार है। संभावना है कि 14 नवंबर को पुनः एक पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसका असर छत्तीसगढ़ में भी होगा और यहां आने वाली नमी की वजह से बादल छाए रहेंगे। बादल की वजह से दिन में तेज धूप का प्रभाव तो नहीं होगा, मगर रात में ठंड का असर भी नहीं रहेगा। सोमवार को राजधानी में सुबह धूप निकली, मगर दोपहर होते-होते बादल छा गए। शहर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री तक पहुंचा, जहां न्यूनतम पारा 21.2 दर्ज किया गया था। अभी प्रदेश का अधिकतम तापमान 32.6 दंतेवाड़ा का दर्ज किया जा रहा है वहीं रात का पारा 13.4 डिग्री अंबिकापुर का रिकार्ड किया गया है। अभी प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा संभाग में भी ठंड का असर कम हो गया है।



■ अब दूसरे पखवाड़े में तापमान गिरने की गुंजाइश

## टूटेगा टिकरापारा का पांच दशक पुराना 96 टिनामेंट परिसर, 7 मंजिला बिल्डिंग बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की टिकरापारा योजना में निर्मित 50 साल पुराना 96 टिनामेंट अपार्टमेंट अब टूटेगा। जर्जर आवासीय परिसर को जमींदोज कर वहां 7 मंजिला नया आवासीय परिसर बनाया जाएगा। प्राधिकरण ने इसके लिए 18 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया है। पात्र ओनर को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार नए परिसर में फ्लैट एलाटमेंट किया जाएगा। साथ ही प्राधिकरण पुराने परिसर को तोड़ने से पहले वहां रह रहे प्रभावित परिवार से सहमति पत्र भी ले रहा है।

शहर के टिकरापारा में पांच दशक पुराने जर्जर हो चुके 96 टिनामेंट को जनसुरक्षा के लिहाज से तोड़कर वहां नया बहुमंजिला आवासीय परिसर बनाने की तैयारी है। रायपुर विकास प्राधिकरण ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर इस अपार्टमेंट को जर्जर घोषित कराने आग्रह किया है।

▶▶|शेष पेज 14 पर

**जर्जर परिसर को तोड़कर नए फ्लैट बनाए जाएंगे**

■ रायपुर विकास प्राधिकरण ने बनाया 18 करोड़ का प्रस्ताव

■ पात्र ओनर को फ्लैट एलाटमेंट में देंगे प्राथमिकता



### 7 मंजिला परिसर, 2 बीएचके 112, 1 बीएचके 56 फ्लैट प्रस्तावित

1 एकड़ क्षेत्र में स्थित 96 टिनामेंट अपार्टमेंट की जर्जर इमारत को तोड़कर 7 मंजिला नई बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है। इसमें 18 करोड़ की लागत अनुमानित है। इसमें 2 बीएचके के 112 फ्लैट और 1 बीएचके के 56 फ्लैट होंगे। योजना के मुताबिक वहां रहे रहे पात्र ओनर को

▶▶|शेष पेज 14 पर

### प्रपोजल बन गया है, 54 लोगों का सहमति पत्र भी

टिकरापारा योजना में 5 दशक पुराने 96 टिनामेंट वाली जगह पर 7 मंजिला आवासीय परिसर बनाने प्रपोजल बन गया है। वहां रह रहे वैध ओनर से सहमति के लिए प्राधिकरण ने पत्र लिखा है, जिसमें 54 लोगों का सहमति पत्र आया है। आम सूचना के बाद दावा आपत्ति मंगाकर पुराने अपार्टमेंट को तोड़कर नया परिसर बनाया जाएगा। वैध ओनर को व्यवस्थापन के तहत एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी।

- **प्रतीक जैन**, सीईओ, रायपुर विकास प्राधिकरण

## बाघ की मौत पर हाईकोर्ट ने की गंभीर टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कोर्ट ने कहा- देश में बाघ मिलते नहीं, जो हैं उन्हें संरक्षित-सुरक्षित करें

कोरिया वनमंडल में नर बाघ को जहर देकर मारे जाने की घटना पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की है। मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा तथा जस्टिस एके प्रसाद ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में बाघ मिलते नहीं। जो यहां हैं, उन्हें वन विभाग संरक्षित और सुरक्षित रखे। गौरतलब है कि 8 नवंबर को वन अफसरों को बाघ के मारे जाने की सूचना मिली थी।

बाघ की मौत मांस में जहर मिलाने से होने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। बाघ के मारे जाने की घटना को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए वन अफसरों से जवाब मांगा है, जिसकी सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। 21 नवंबर को अफसर हाईकोर्ट मे जवाब पेश करेंगे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## चिप्स में विश्वरंजन पदस्थ

*रायपुर। राज्य शासन द्वारा आईएएस कुमार बिश्वरंजन, उप सचिव, मंत्रालय को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, चिप्स के पद पर पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इसका आदेश जारी किया गया है।*

## बैज ने चैंबर से मांगा समर्थन

*रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से 13 नवंबर को होने वाले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिए समर्थन मांगा। चैंबर के पदाधिकारी से चर्चा में कहा, जिस प्रकार 10 महीने की भाजपा सरकार में लगातार बढ़ते अपराध, बिजली बिल के दामों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, यह समय है कि सरकार को नींद से जगाने का। कांग्रेस जीतती है, तो निश्चित तौर पर कुंभ करनी नींद में सोई सरकार की आंख खुलेगी।*

# उपाध्याय आत्महत्या मामले में 20 तारीख तक गवाही एवं साक्ष्य मांगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर**

शासन के आदेश पर रायपुर तहसील कार्यालय के लिपिक प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले की जांच सोमवार से शुरू हो गई है। इस मामले से जुड़े कोई भी साक्ष्य, दस्तावेज पेश या गवाही देना चाहता है, वह 20 नवंबर तक कमिश्नर संभाग कार्यालय में जाकर कर सकता है। इस मामले की जांच कर रहे संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने बताया कि सुसाइड नोट पर जिन अफसरों के नाम आए हैं, उनके भी बयान लिए जाएंगे। इस जांच के दौरान सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग भी मृतक की राइटिंग से मैच की जाएगी। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह को हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की मदद से राइटिंग मिलान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में यह रिपोर्ट सबसे अहम है, क्योंकि सुसाइड नोट के आधार पर यह जांच होनी है, इसलिए सबसे पहले सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग किसकी है, यह जानना जरूरी है।

- **जिन अफसरों पर आरोप उनके भी होंगे बयान**

## शासन के आदेश पर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने शुरू की जांच

### अफसरों को संभाग कमिश्नर कार्यालय आकर देना होगा बयान

संभाग कमिश्नर ने बताया कि यह मामला बहुत संवदेनशील है, इसलिए इस मामले की जांच में कोई भी ढिलाई बरती नहीं जाएगी। जांच की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत आत्महत्या से जुड़ा कोई भी साक्ष्य, दस्तावेज या गवाही देना चाहता है, तो कार्यालयीन समय पर आकर संभाग कार्यालय में दे सकता है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आम व्यक्ति हो, संस्था या कर्मचारी कोई भी बयान दे सकता है। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट पर जिन अफसरों को आत्महत्या का कारण बताया गया है, उन अफसरों से भी बातचीत कर उनका बयान लेंगे।




### मामला तूल पकड़ने के बाद जांच के आदेश

उपाध्याय आत्महत्या मामले में सुसाइड नोट मिलने के बाद भी पुलिस द्वारा एफआईआर नहीं किया गया है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के अलावा ब्राम्हण समाज के लोगों ने जमकर विरोध जताया। संगठन और समाज के लोगों ने अपने-अपने स्तर पर विभाग के अधिकारी से लेकर मंत्री तक को इस मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई थी। सोशल मीडिया में भी आत्महत्या का मामला जमकर वायरल होने लगा। इस तरह मामला जब तूल पकड़ने लगा, जिसके बाद शासन द्वारा भी इस मामले में जांच का आदेश जारी किया गया। गौरतलब है कि रायपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ रहे सहायक ग्रेड-2 प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या के मामले की जांच के लिए राज्य शासन ने संभागायुक्त महादेव कावरे को जांच अधिकारी नियुक्त किया है और जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट शासन को देने के निर्देश भी दिए हैं।

# कर्मचारी हड़ताल पर, धान खरीदी पर संशय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 25.75 लाख किसानों से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। इधर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इनके हड़ताल में चले जाने जाने से सहकारी समितियों में धान खरीदी पंजीयन, धान की प्रारंभिक तैयारी, जिसमें किसानों का टोकन काटने का मामला भी शामिल है, धान खरीदी साथ ही भारत सरकार के कम्प्यूटराइजेशन कार्य, केआरपी ब्याज, अनुदान पोर्टल, खाद बीज वितरण, राशन वितरण जैसे जनकल्याणकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। धान खरीदी के लिए अब दो दिन का समय शेष है। राज्य सरकार की ओर से घोषित तारीख से खरीदी शुरू करने आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। इधर, जिला स्तर पर अधिकारियों द्वारा खरीदी की तैयारी को लेकर केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी केंद्र पर छाया, पानी, बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी प्रकार गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी सत्यापन का भी जायजा लिया जा रहा। धान खरीदी के लिए किसानों से एक सप्ताह पहले टोकन देने का प्रावधान था, लेकिन सहकारी समितियों में हड़ताल की वजह से कोई काम नहीं हो रहा है। ऐसे में किसी भी किसान का टोकन नहीं कटा है। ऐसे में पहले दिन से धान खरीदी शुरू होने पर संशय है।

### धान कटाई शुरू

प्रदेश में खरीफ सीजन में किसानों द्वारा ली गई धान की फसल की कटाई दीपावली के बाद शुरू हो गई है। धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में किसानों ने धान की फसल की कटाई और मिंजाई शुरू कर दी है। खरीदी की तारीख से पहले इसकी तैयारी कर ली है। समितियों में हड़ताल की वजह से किसानों को टोकन नहीं दिए जाने से किसान चिंतित हैं कि उनकी फसल तय तारीख से खरीदी शुरू होगी कि नहीं।



### 13 हजार से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर

*प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में 13 हजार से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। इन कर्मचारियों में प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक, विक्रेता और चपरासी से लेकर राशन दुकानों के कर्मचारी भी शामिल हैं। सभी ने काम बंद कर हड़ताल में हिस्सा लिया है।*

### विभिन्न स्थानों पर जारी धरना

*रायपुर संभाग में धमतरी मुख्यालय पर हड़ताल जारी है, जहां रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद और बलौदाबाजार के अधिकारी-कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं। इसके अलावा, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर में भी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ की तीन सूत्रीय मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। संघ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्य के पांच संभागीय मुख्यालयों में धरना दिया है। संघ की हड़ताल की वजह से फिलहाल सहकारी समितियों में तालाबंदी हो गई है, इससे धान खरीदी की तैयारियों जैसे बारदाना की व्यवस्था, लाइटिंग, सफाई और मानव संसाधन (हमाल) का काम ठप हो गया है।*

### संघ की तीन प्रमुख मांगें

*मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रत्येक समिति को पांच लाख रुपये का प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन कर कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमान और अन्य भत्ते दिए जाएं। वर्ष 2023-24 की धान खरीदी में सूखत की मान्यता देने और आगामी वर्षों में भी इसका प्रावधान करने की मांग।*

### मांग पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल- सिंह

*छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की तीन सुत्रीय मांग पूरी करने का लिखित में आश्वासन देने पर ही हड़ताल खत्म किया जाएगा। अब तक शासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा, धान खरीद की तारीख केवल दो दिन बाकी है, ऐसे में पहले दिन प्रदेश के किसी भी समिति धान खरीदी नहीं होगी।*

# प्रचार के अंतिम दिन घर-घर वोट मांगने पहुंचे आकाश



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए चुनाव प्रचार सोमवार को थम गया। इससे पहले सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और वोट मांगा। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पूरी ताकत झोंक दी। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। प्रचार थमने के अंतिम दिन कांग्रेस आशीर्वाद यात्रा निकालने की तैयारी में थी। जिला प्रशासन द्वारा इसकी अनुमति नहीं दिए जाने के बाद यह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। रैली नहीं निकलने पर प्रत्याशी आकाश शर्मा ने घर-घर जाकर लोगों से वोट करने की अपील की है। चुनाव के दौरान कांग्रेस के बड़े नेता और तीनों प्रभारियों ने रणनीति के तहत प्रचार में हिस्सा लिया।

### महंत ने तीसरे दिन किया प्रचार

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत प्रचार के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ नगर शहीद पंकज विक्रम वार्ड में प्रचार के लिए निकले। उनके साथ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में वार्ड के लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई। श्री महंत पिछले तीन दिनों से रायपुर दक्षिण विधानसभा के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर कांग्रेस के लिए वोट मांग रहे हैं।

## भेजे गए इंडेंट में उच्चस्तर पर छेड़छाड़, हेल्थ सेंटरों में हो रहा दवाओं का टोटा

**रायपुर।** सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले फार्मासिस्टों ने शिकायत की है कि उनके द्वारा भेजे जा रहे इंडेंट के साथ स्वास्थ्य विभाग में उच्च स्तर पर छेड़छाड़ कर मांग पत्र तैयार किया जा रहा है। इसकी वजह से हेल्थ सेंटर में किसी दवा का टोटा हो रहा, तो कोई ओवरस्टाक में है। सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले फार्मासिस्टों की रविवार को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।





**आम सूचना**

मैं ललित तिवारी उम्र 62 वर्ष पिता स्व. प्राणनाथ तिवारी निवासी मकान नंबर -110/1 वार्ड नं.-05 डिपरा पारा ग्राम उपरवारा, थाना राखी, अभनपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि, मेरा विवाह वर्ष 1987 को श्रीमती अंजनी तिवारी पिता स्व. रघुनंदन प्रसाद पाण्डे निवासी ग्राम - रीवासरार, तहसील- पलारी, थाना- पलारी, जिला- बलौदाबाजार से हुआ था। विवाह पश्चात वर्ष 2005 से मेरी पत्नी स्वेच्छा से मुझे व मेरे पुत्र डोमेश तिवारी को छोड़कर चली गई है। कुटुम्ब न्यायालय में भरण-पोषण दावा कर राशि प्राप्त कर रही है। मैंने मेरी पत्नी से विवाह विच्छेद का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो लम्बित है। मैं उक्त अंजनी तिवारी को मेरे समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं और मेरे समस्त चल–अचल सम्पत्ति का वसीयत मेरे द्वारा मेरे पुत्र - डोमेश तिवारी पिता- ललित तिवारी निवासी-मकान नंबर-110/1 वार्ड नं.-05 डिपरा पारा ग्राम उपरवारा, थाना राखी, अभनपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में निष्पादित कर दिया है। मेरी किसी भी सम्पत्ति पर मेरी उक्त पत्नी श्रीमती अंजनी तिवारी का कोई हक व अधिकार नहीं है और न भविष्य में होगा। सो सूचना जाने
उपरवारा , अभनपुर, रायपुर
दिनांक-

**ललित तिवारी**
**निवासी मकान नंबर - 110/1**
**वार्ड नं.-05 डिपरा पारा ग्राम**
**उपरवारा, थाना राखी, अभनपुर,**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**-:समंस/ईश्तहार:-**

प्रकरण क्रमांक- 440/2017
पेशी दिनांक- 26.12.2024

**परिवादी/आवेदकः-** डॉ. राम कुमार सिद्धार्थ, पिता- स्व. पी.आर. सिद्धार्थ, बी-124, श्रीराम विहार, पुरैना, माइनिंग ऑफिस के पास, रिंग रोड नं. 1, पुलिस थाना- राजेन्द्र नगर, रायपुर, छ.ग. वर्तमान पता-एसोसियेट प्रोफेसर, सर्जरी डिपार्टमेंट, मेडिकल कॉलेज, अम्बिकापुर, छ.ग.

**विरूद्ध पक्षकार/अनावेदकः-** स्टार कस्टमर केयर (आथेराइज्ड कस्टमर केयर), 1/2, गोविन्द नगर, होटल गुरू के सामने, पण्डरी, रायपुर, जिला - रायपुर, छ.ग.

परिवादी द्वारा आप विरूद्ध पक्षकार/ अनावेदक के विरूद्ध धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत परिवाद क्षतिपूर्ति हेतु प्रस्तुत की गई है। अतः आप विरूद्ध पक्षकार को इस आयोग में दिनांक 26.12.2024 को दिन में 11.00 बजे उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है। अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा जिन्हें निर्देश दिये गये हो, जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, उपस्थित हो।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि पेशी तिथि दिनांक 26.12.2024 को परिवाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत तिथि है। आप अपने पक्ष के समर्थन में इस आयोग के समक्ष उपस्थित होने में चूक करते हैं तो आपके अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई कर अंतिम निराकरण कर दिया जावेगा। यदि दिनांक 26.12.2024 को किन्हीं कारण वश अवकाश घोषित हो जाता है तो आयोग अगले कार्य दिवस पर सुनवाई में लिया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1634 दिनांक 13.04.2010 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **ईडब्ल्यू एस-11, ब्लॉक-47/108, को श्री राधेश्याम मरावी पिता श्री जयलाल मरावी** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 23.09.2011 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री राधेश्याम मरावी पिता श्री जयलाल मरावी**, निवासीः- वार्ड नं. 11, पटपरिया वार्ड, अंबिकापुर, तहसील - अंबिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्रीमती भारती साहू पति श्री निलम साहू**, निवासीः- वार्ड नं. 14, शंकर नगर राजिम, तहसील - राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक **ईडब्ल्यू एस -11, ब्लॉक - 47/108**, को विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3276 दिनांक 28.10.2013 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **एच.आई.जी-I/354, को श्री कृष्ण लाल अग्रवाल पिता श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल**, के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 28.10.2024 को सेलडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री कृष्ण लाल अग्रवाल पिता श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल**, निवासीः- श्री बालाजी रोड, बिर पारा, बिरपारा टी गार्डन, जलपाईगुरी, पश्चिम बंगाल पिन नं. 735204 के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री चतुर भुज अग्रवाल पिता श्री बनवारी लाल अग्रवाल एवं श्री संजीव अग्रवाल पिता श्री चतुर भुज अग्रवाल**, निवासीः- मकान नं. 34-डी, कमला नगर, दिल्ली, उत्तरी दिल्ली पिन नं. 110007 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- **एच.आई. जी-I/354**, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार,**
**गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-:: आम सूचना का प्रकाशन ::-**

रा.प्र.क्र. 202404111100122 अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
ग्राम थनौद प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. नवापारा
तहसील अभनपुर जिला रायपुर
क्रमांक / / ना. तह. / वाचक-2/2024
नवापारा, दिनांक 08.11.2024

प्रति,
1. केशव प्रसाद अवस्थी पिता स्व. श्री रमेश प्रसाद अवस्थी निवासी मालवीय नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
2. अब्दुल नईम पिता अब्दुल हाफिज निवासी गोल बाजार रायपुर (छ.ग.)

आपको उक्त सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदिका ऐनु साहू पति सुरेश कुमार साहू निवासी गली नं. 05 वर्मा किराना स्टोर गोकुल नगर रामनगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के समक्ष आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 32 छ.ग. भू-राजस्व संहिता वास्ते अभिलेख सुधार कर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है कि ग्राम थनौद प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 1159/1, 1163 रकबा क्रमशः 0.118, 0.100 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में केशव प्रसाद अवस्थी पिता रमेश प्रसाद अवस्थी के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा ख.नं. 1159/1 का भाग रकबा 1320 वर्गफुट एवं ख.नं. 1163 का भाग रकबा 1080 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 15/07/2021 के माध्यम से क्रय किया गया है। ख.नं. 1163 का भाग रकबा 1080 वर्गफुट आवेदिका के नाम पर दर्ज है। जिसके कारण पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका अपना नाम सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है।

उक्त प्रकरण में आप सभी को राजस्व नोटिस के माध्यम से उपस्थित होने हेतु नियमानुसार सूचित किया गया था परन्तु आप उपस्थित नहीं हुयें। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 22/11/2024 को नियत किया गया है। उक्त तिथि में आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा भू-राजस्व संहिता 1969 की धारा 35 (2) के तहत आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**








## खबर संक्षेप

### चार दिवसीय इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम 14 से



**रायपुर।** वॉलफोर्ट हाइट्स सोसाइटी भाठागांव के क्लब हाउस में 4 दिवसीय 14 से 17 नवंबर तक इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम होने जा रहा है। यह कार्यक्रम ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा डिजाइन किया गया है। 14 नवंबर को शाम 6 बजे निशुल्क इंट्रोडक्शन सेशन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में शांभवी महामुद्रा नाम की एक प्राचीन और शक्तिशाली क्रिया सिखाई जाएगी। इसके अभ्यास से लाखों लोगों ने अपने जीवन में स्पष्टता और खुशहाली पाई है। यह अपने जीवन को आनंद और खुशहाली से भर देने का एक मौका है।

### भाजपा के रोड शो का मुस्लिम बोहरा समाज ने किया स्वागत



**रायपुर।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जुलूस का सदरबाजार में प्रदेश के मुस्लिम बोहरा समाज के सदस्यों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के सचिव मुल्ला मोइज भाई सड्डू वाला, शेख जौहर भाई मैमून, फिरोज गांधी, अली असगर अंसारी, मुस्तानसिर अहमदजी, हकीमुद्दीन कटनी, हातिम बगीचा वाला, मुर्तजा सोहेल हुसैन आदि उपस्थित थे।

## निधन

### गणेश राम यादव



रायपुर। संतोषी चौक पंडरी निवासी छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी से सेवानिवृत्त गणेशराम यादव (68) का 11 नवंबर को निधन हो गया। वे राजकलम, राजेश्वर, चित्रसेन, परमेश्वर, युवराज, उमा यादव के पिता थे।

# दो ऑक्सीजन प्लांट फिर भी जिला अस्पताल के मरीज ऑक्सीजन सिलेंडर के भरोसे

## आयुष विवि परिसर से शिफ्ट संयंत्र में आई खराबी, सुधरने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला अस्पताल में वैसे तो दो-दो प्लांट हैं, मगर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को आवश्यकता होने पर गैस मैनिफोल्ड यानी सिलेंडर की मदद से ऑक्सीजन दी जा रही है। महामारी के दौरान यहां स्थापित प्लांट की पाइप लाइन केवल कोविड वार्डों तक ऑक्सीजन सप्लाई करने में सक्षम है। वहीं आयुष विवि से आपदाकाल के बाद शिफ्ट प्लांट की पाइप ओटी सहित सभी वार्डों तक फैली है, मगर उसमें खराबी आ गई है।

अस्पताल सूत्रों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिन मरीजों को सिलेंडर के जरिए ऑक्सीजन की सप्लाई की जा रही है। बिगड़े प्लांट को सुधारने के लिए सीजीएमएससी को पत्र प्रेषित तो किया गया है, मगर उनकी ओर से अब तक सुधार के लिए किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जिला अस्पताल में कोविड महामारी के दौरान ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। उस दौरान जिला अस्पताल में बनाए गए कोविड आईसोलेशन वार्ड, प्री फैब्री वार्ड तक पाइप लाइन लगाया गया था ताकी तीसरी लहर के दौरान आपात स्थिति हो तो मरीजों को वहां भर्ती किया जा सके। इसके बाद कोविड की आपात स्थिति समाप्त हुई तो आयुष विश्वविद्यालय में स्थापित एक ऑक्सीजन प्लांट को लाकर करीब सालभर पहले जिला अस्पताल में स्थापित किया गया था। इसकी पाइप लाइन मुख्य अस्पताल भवन के ऑपरेशन थियेटर और अन्य वार्डों से कनेक्ट किया गया था। प्लांट से मिलने वाले ऑक्सीजन के बाद सिलेंडर पर निर्भरता खत्म हो गई थी। पंद्रह दिन पहले इसमें खराबी आ गई है सप्लाई बाधित हो गई है जिसके सुधरने का इंतजार किया जा रहा है।

### दूसरा डीके में लग रहा

आयुष विवि परिसर में उस दौरान कोविड वार्ड में आने वाले मरीजों के लिए दो ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए थे। प्लांट लगाने के बाद वहां इसकी जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि कोरोना कंट्रोल में आ गया था। वहां लगे दूसरे ऑक्सीजन प्लांट को डीके अस्पताल परिसर में शिफ्ट करने का काम शुरू किया गया है। इसके लिए अस्पताल परिसर में पुराने डीएमई कार्यालय की तरफ प्लांट लगाने का काम प्रारंभ किया गया है।




### कुछ स्थानों पर अभी भी डंप

कोरोनाकाल में रायपुर जिले के कुछ अन्य स्थानों में भी बनाए गए आईसोलेशन वार्ड को ध्यान में रखते हुए ऑक्सीजन प्लांट लगाए थे। इनमें आयुर्वेदिक कालेज परिसर, माना के सिविल अस्पताल में लगा प्लांट बिना उपयोग के डंप होने की स्थिति में है। जिला अस्पताल कालीबाड़ी में भी उस दौरान प्लांट लगाया गया था जिसका उपयोग मरीज हित में हो रहा है।

### सीजीएमएससी को पत्र

प्लांट को सुधारने के लिए सीजीएमएससी को पत्र भेजा गया है। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में मेडिकल गैस मैनिफोल्ड उपलब्ध है, जिसकी वजह से कोई परेशानी नहीं हो रही है।

*- डा. एसके भंडारी, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

# राशन दुकानों में कहीं चावल तो कहीं शक्कर और नमक का भंडारण नहीं, हितग्राहियों को लौटा रहे बैरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ **खाद्य विभाग में आने लगी शिकायतें**

रायपुर जिले में 100 से अधिक राशन दुकानों में कहीं चावल तो कहीं शक्कर भंडारण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को भी एक साथ खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। कई राशन दुकानों में तो एक साथ खाद्यान्न मांगने वाले हितग्राहियों को राशन दुकान संचालकों द्वारा लौटाया जा रहा है। इस मामले में लगातार खाद्य विभाग में भी शिकायतें आनी लगी हैं। इधर राशन दुकानों में चावल और शक्कर भंडारण करने की जिम्मेदारी खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम (नान) की होती है।

सूत्रों के अनुसार नान द्वारा राशन दुकानों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। हालांकि कई नई राशन दुकानों के संचालकों द्वारा भी लापरवाही बरती जा रही है। अपनी दुकान में खाद्यान्न भंडारण की क्षमता कम होने के कारण समय पर चावल और शक्कर की डिमांड नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण हितग्राहियों को भी एक साथ खाद्यान्न लेने बार-बार राशन दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### केस 1

महात्मा गांधी वार्ड अमलीडीह में खुली नई राशन दुकान में आए दिन हितग्राहियों को बिना खाद्यान्न लिए वापस लौटना पड़ता है। इस क्षेत्र के निवासी हेमंत गोस्वामी ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम पर एपीएल कार्ड बना हुआ है। वह पहले अमलीडीह स्थित राशन दुकान में राशन लिया करता था, लेकिन जब से उसके घर के नजदीक नई राशन दुकान खुलने के बाद वह यहीं से राशन लेता है, लेकिन इस दुकान में जब भी वह राशन लेने जाता है तो कभी चावल तो कभी शक्कर, कभी नमक नहीं रहता है। एक साथ तीनों सामग्री मिल जाए यह सोचकर वह महीने में कई बार दुकान जाता है, लेकिन हर बार उसे वापस लौटना पड़ता है। संचालक से पूछने पर बताया जाता है कि नान से सप्लाई में देर की जा रही है।



### केस 2

अमलीडीह स्कूल के पास पीयूष कालोनी में संचालित नई राशन दुकान में भी यही स्थिति बनी हुई है। यहां के रहने वाले स्थानीय कुछ हितग्राहियों ने बताया कि इस दुकान में भी हमेशा तीनों सामग्री नहीं मिलती है। यहां भी कभी शक्कर, नमक तो कभी एपीएल चावल नहीं मिल पाता है, जिसके कारण उन्हें बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ते है।

### केस 3

रामसागरपारा इलाके में भी बढ़ाईपारा के पास संचालित छोटी दुकान में आए दिन चावल, शक्कर एवं नमक का टोटा बना रहता है। हितग्राहियों को यहां भी बार-बार चक्कर लगाने पड़ते है।

### मिली हैं शिकायतें

किसी-किसी राशन दुकान में समय पर भंडारण नहीं किए जाने की शिकायते मिली है, जिसके कारण हितग्राहियों को एक साथ तीनों सामग्री का वितरण नहीं हो पा रहा है। इन शिकायतों की जांच कर कार्रवाई करेंगे।

*- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक*

### शहर की नई राशन दुकानों में ज्यादा परेशानी

रायपुर शहर में 98 नई राशन दुकाने हितग्राहियों की सुविधा के लिए खोली गई है। नई दुकानों के खुलने से हितग्राहियों को घंटो लाइन लगाने की जरूरत न पड़ रही है, लेकिन खाद्यान्न आसानी से मिल नहीं पा रहा है। लगभग सभी नई दुकाने 8x8 या 8x10 साईज वाली है। प्रत्येक नई दुकान में 5 सौ पंजीकृत राशन कार्ड है। इसके अनुसार ही दुकानों को चावल, शक्कर और नमक का आबंटन किया जाता है। यह आबंटन एक साथ दुकान संचालक ले सकता है, लेकिन दुकान में भंडारण क्षमता की कमी के कारण दुकान 3 से 4 किस्तों में डिमांड कर खाद्यान्न मंगाता है। यहीं कारण है कि नई दुकानों में कभी चावल, कभी शक्कर तो कभी नमक खत्म हो जाता है, जिससे तीनों सामग्री हितग्राही को एक साथ मिल नहीं पा रही है।

# किराया विवाद पर की थी बुजुर्ग की हत्या फरार आरोपी चंडीगढ़ से हुआ गिरफ्तार

## दंपति द्वारा पैसे मांगे जाने से नाराज होकर किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ **खम्हारडीह थाना क्षेत्र में दीपावली के एक दिन पूर्व दंपति पर किया था प्राणघातक हमला**

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पिछले महीने 30 अक्टूबर को 72 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या के आरोप में पाकिस्तानी मूल के एक व्यक्ति को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को पांच शहरों में छापेमारी करने के बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस गिरफ्त से बचने आरोपी लगातार लोकेशन बदल रहा था। मुकेश ने अपनी उच्च शिक्षा पाकिस्तान में प्राप्त की है।

पुलिस के मुताबिक अवंति विहार निवासी रत्नेश्वर बैनर्जी की हत्या तथा उनकी पत्नी माया बैनर्जी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पाकिस्तानी मूल के नागरिक, मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी मुकेश कुमार थारवानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मुकेश का परिवार वर्ष 2012 में पाकिस्तान से भोपाल में शिफ्ट हुआ है। मुकेश रायपुर में काम की तलाश में आया था और रत्नेश के मकान में किराए पर रह रहा था। मुकेश की भारतीय नागरिकता के बारे में पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।



आरोपी

### लोगों से उधार लेकर रकम देने से बच रहा था

पुलिस के अनुसार मुकेश किसी तरह से कोई काम काज नहीं कर रहा था। उसने अपने परिचितों से 20 से 25 लाख रुपए कर्ज लिया था। कर्ज देने से बचने मुकेश काम तलाश करने का झांसा देकर तीन माह पूर्व रायपुर आकर रत्नेश के मकान में किराये से रह रहा था। परिचित मुकेश पर कर्ज की राशि देने लगातार दबाव बना रहे थे।

### बुजुर्ग दंपति से भी कर्ज

पुलिस के अनुसार मुकेश ने रायपुर आने के बाद किसी तरह का काम करने के बजाय बुजुर्ग दंपति को काम मिलते ही पैसा लौटाने का झांसा देकर 30 हजार रुपए कर्ज ले लिया। कर्ज के साथ मकान किराया नहीं मिलने पर बुजुर्ग दंपति ने मुकेश पर पैसा देने दबाव बनाया, तो मुकेश तैश में आ गया। उसने घर में रखी नटराज की मूर्ति, हेलमेट से दंपति के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया। मूर्ति तथा हेलमेट के वार से रत्नेश की मौके पर ही मौत हो गई और रत्नेश की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। रत्नेश की हत्या करने के बाद मुकेश मृतक के गले से सोने की चेन, अंगूठी निकाल कर ले गया।






**खबर संक्षेप**



## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने डॉ. रमन से की मुलाकात

**रायपुर।** सर्व क्षत्रिय राजपूत संगठन छत्तीसगढ़ की केंद्रीय समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने रविवार को राजधानी स्थित विधानसभा अध्यक्ष भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इससे पहले रविवार की दोपहर ठाकुर विघ्नहरण सिंह भवन सरोना में 15 राजपूत संगठनों की बैठक हुई। दंतेवाड़ा जिले के रहने वाले अवधेश सिंह को सर्वसम्मति से सर्व क्षत्रिय राजपूत संगठन की केंद्रीय समिति का अध्यक्ष चुना गया है। इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के रहने वाले देवेश सिंह उपाध्यक्ष, डॉ. शंकर सिंह गहरवाल संरक्षक, रामकुमार सिंह राजावत कार्यकारी सदस्य, रविंद्र सिंह सलाहकार, श्रवण सिंह चौहान उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य शिवभान सिंह भदौरिया एवं नयन सिंह परिहार को बनाया गया।

## छत्तीसगढ़ में अग्निशमन सेवाओं का होगा विस्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आगजनी जैसी घटनाओं में होने वाले बड़े जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए जल्द ही अग्निशमन सेवाओं का विस्तार के साथ आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 147.76 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अग्निशमन सेवाओं का विस्तार कर उसे आधुनिकीकरण बनाया जाएगा, ताकि भीषण आग पर भी आसानी से काबू पाया जा सके।
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए 725.62 करोड़ रुपए की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपए, ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। एनडीआरएफ के तहत 5 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इसके तहत 15 राज्यों के 2542.12 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दी गई है। समिति ने अब छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

## फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का किया गठन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का गठन किया है। फेडरेशन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेशभर से पेंशनरों की समस्याओं के लिए फेडरेशन के बैनर फोरम बनाने की मांग की गई थी। फेडरेशन की प्रांत स्तरीय बैठक में पेंशनर्स फोरम का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा, सलाहकार फेडरेशन एवं महासचिव डॉ केएल तांडेकर को नियुक्त किया गया है। सभी जिलों में संयोजक की नियुक्ति की गई है।

# मंत्री श्याम बिहारी बोले- सरकार की उपलब्धियों के दम पर जीतेंगे रायपुर दक्षिण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्री और दक्षिण उपचुनाव के प्रभारी श्याम बिहारी जायवाल ने कहा, भाजपा सरकार का एक साल भी पूरा नहीं हुआ है और इतने कम समय में हमने काम करके दिखाया है। हमारी सरकार की उपलब्धियों के दम पर हम रायपुर दक्षिण का चुनाव जीत रहे हैं। सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का काम हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,

- घर-घर तक जो नल जल पानी पहुंचाने की पीएम मोदी की योजना है उसको हम पूरा करने वाले हैं
- प्रदेश में नक्सलवाद दम तोड़ रहा है



उमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा सहित सात मंत्रियों और 18 विधायक कर रहे हैं।
एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री जायसवाल ने कहा, प्रदेश के हमारे पदाधिकारी और रायपुर संभाग के और विशेष रूप से रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ इस चुनाव अभियान में भाग लिया। श्री जायसवाल ने कहा, हमारी सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं और विकास के बलबूते हम इस चुनाव को जीतने जा रहे हैं। प्रदेश में पूरे खुशहाली का वातावरण आज है। घर-घर तक जो नल जल पानी पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है उसको हम पूरा करने वाले हैं। हजारों श्रद्धालु प्रतिमाह रामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। इसी प्रकार नक्सलवाद के मोर्चे पर भी प्रदेश सरकार ने सफलता अर्जित की है और विगत 10 महीने में हमारी सरकार ने 200 नक्सलियों को मार गिराया, 800 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया और 738 नक्सलियों को गिरफ्तार करके जेल में डाला गया है। प्रदेश में नक्सलवाद दम तोड़ रहा है।

### भाजपा विश्वास और कांग्रेस विश्वासघात का नाम : शिवरतन

प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, भाजपा विश्वास का नाम है जबकि कांग्रेस विश्वासघात का नाम है। भ्रष्टाचार और अपराध कांग्रेस रूपी सिक्के के दो पहलू हैं। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस ने प्रदेश में अपने पांच साल और नगर निगम में 15 वर्षों के शासनकाल में केवल वादाखिलाफी करते जनता से किए गए अपने वादों से मुकरने का काम किया। श्री शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत कांग्रेस नेताओं से सवाल किया कि आखिर रायपुर दक्षिण की जनता कांग्रेस को वोट क्यों करें। कांग्रेस ने ऐसा कौन सा काम किया है, जिसके लिए रायपुर की जनता कांग्रेस का समर्थन करे।

## 20 हजार सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण और सौ सदस्य वालों को शतकवीर पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने सदस्यता अभियान में सौ या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वालों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है। इसी के साथ जो सदस्य तीन हजार या इससे ज्यादा बनाने में सफल हुए हैं, उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा। सदस्य बनाने वालों का सम्मान भी होगा।




- भाजपा संगठन ने की विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया, 100 से अधिक सदस्य बनाने वालों को जिला स्तर पर सदस्यता शतक वीर पुरस्कार, 500 से अधिक सदस्य बनाने वालों को सदस्यता शक्ति पुरस्कार, 1000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता दीप और प्रदेश स्तर पर 3000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता श्री, 5000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता गौरव, 10000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता रत्न और 20000 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विधायकों, सांसदों को पृथक से सम्मानित किया जाएगा।
श्री सिंहदेव ने कहा, भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर लगातार कार्य कर रही है। बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल, जिला एवं प्रदेशस्तरीय सदस्यता अभियान का कार्यक्रम लगातार जारी है। श्री सिंहदेव ने कहा, सदस्यता अभियान के इन पुरस्कारों का वितरण जिलास्तर पर प्रभारी मंत्री, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेशस्तरीय के पुरस्कार का वितरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा।

### वेतन विसंगति दूर कर पूर्व सेवा अवधि की गणना की मांग

# 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग सहायक शिक्षकों ने सोमवार को मोदी की गारंटी लागू करने सहित 5 सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के 146 विकासखंडों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है।
प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा ने बताया कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान प्रदान करने और भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन के प्रावधान की मांग की जा रही है। इसके साथ ही शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ सीजीपीएफ खाते में करने की मांग प्रमुखता से की जा रही है।
रायपुर संभाग के सहायक शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग, धरसींवा, अभनपुर और तिल्दा स्थित शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र विभागीय अधिकारी को सौंपा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर इकाई पिथौरा में ब्लाक संचालक महेन्द्र चौधरी, षड़ानंद भोई की अगवाई में सुधीर प्रधान प्रांतीय उप संचालक, दिनेश नायक जिला संचालक की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नरेश पटेल, कौतुक पटेल, दुर्वासा गोस्वामी, डोलामणि साहू, एनपी तिवारी, विजय प्रधान, गौरीशंकर पटेल अक्षय कुमार साहू, विवेक वर्मा, नारायण गभेल, संजय प्रधान विनोद खलखो, संतोषी ठाकुर, सुनीता सोनी सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति और पुरानी पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना को लेकर कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपकर अपने लंबित मांग पूरा करने प्रदर्शन किया।



- प्रदेशभर के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों ने शासन का ध्यान आकर्षित कराया
- क्रमोन्नत समयमान वेतनमान का आदेश जारी हो

## डॉग शेल्टर का 80 फीसदी काम पूरा, 70 कुत्तों को एक साथ रखने की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोनडोंगरी में नगर निगम का पहला डाग शेल्टर होम जल्द शुरू होगा। सेंटर निर्माण का 80 फीसदी का काम पूरा कर लिया गया है। प्लास्टर कार्य, पेंटिंग सहित फिनिशिंग का काम होना बाकी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 8 कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता को बकाया कार्य 1 माह के भीतर पूरा करने निर्देश दिए हैं। नवनिर्मित डॉग शेल्टर सेंटर में एक साथ 70 कुत्तों को रखने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही सर्जरी के लिए अलग से आपरेशन थियेटर और पशु चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।
राजधानी में बीमार, कमजोर तथा सड़क दुघर्टना में चोटिल कुत्तों की देखरेख और उपचार की सुविधा देने सोनडोंगरी में प्रदेश का पहला डाग शेल्टर सेंटर बनाया जा रहा है। इस सेंटर में शहर के बाहर जा रहे नागरिक अपने पालतू कुत्तों को देखभाल के लिए छोड़ सकेंगे। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एनजीओ की सहभागिता से पालतू कुत्तों के लिए अलग से व्यवस्था देकर देखभाल की जाएगी। इसके लिए एनजीओ से संपर्क किया जा रहा है। जोन कमिश्नर एके हालदार ने कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में सोमवार को सोनडोंगरी पहुंचकर डाग शेल्टर सेंटर के निर्माण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। साथ ही अनुबंधित ठेकेदार को फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए।

- शहर से बाहर जा रहे नागरिक अपने पालतू कुत्तों को सेंटर में छोड़ सकेंगे
- बीमार, दुर्घटना में चोटिल कुत्तों की देखभाल व उपचार
- सर्जरी के लिए आपरेशन थियेटर, पशु चिकित्सक रहेंगे उपलब्ध

## बैज का आरोप- जनता को प्रलोभन देने भाजपा बांट रही सोने के सिक्के, चुनाव आयोग ले संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा जनता को प्रलोभन देने के लिए सोने के सिक्के बांट रही है। चुनाव आयोग से इस पर संज्ञान लेने की मांग उन्होंने की है। उन्होंने उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के मुद्दे और रणनीति को लेकर जानकारी दी। इसी बीच उन्होंने बीजेपी पर जनता को प्रलोभन देने अलग-अलग सामग्री बांटने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग को संज्ञान में लेने की बात कही।
पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, बीजेपी दक्षिण का उपचुनाव जीतने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। इससे साफ़ होता है कि भाजपा डरी हुई है। उन्होंने कहा भाजपा बिछिया, पायल, साड़ी, 5 सौ से एक हजार रुपए, ताश की गड्डी, सोने के सिक्के, दारू और अंटा गोलियां बांट रही है। इससे पता चलता है कि बीजेपी कितनी डरी हुई है। उन्होंने इस पर चुनाव आयोग को संज्ञान में लेने की भी बात कही। उन्होंने कहा, बीजेपी चुनाव जीतने के लिए खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रही है, लेकिन दक्षिण की जनता ने ठान लिया है कि इनके सोने, कंबल, साड़ी सब कुछ ले लेंगे, लेकिन वोट कांग्रेस को ही देंगे।




- भाजपा में बिखराव की चुनाव में रही चर्चा, 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता देगी वोट

### कांग्रेस ने एकजुटता के साथ लड़ा चुनाव

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा, हमारे सभी बडे नेता, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पदाधिकारी, कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ चुनाव अभियान में जुटे हुए है। एक ओर जहां कांग्रेस की एकजुटता दिख रही है।

## मूक-बधिर बेटी से रेप, भीख मंगवाने वाले पिता को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में मूक-बधिर बेटी के साथ रेप करने तथा उससे भीख मंगवाने वाले पिता को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट्र ट्रैक राकेश सोम की पाक्सो कोर्ट में हुई है। घटना पांच वर्ष पूर्व की है।
लोक अभियोजत विमला तांडी के मुताबिक कोर्ट ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ रेप करने के आरोप में उसके पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। किशोरी की मां ने थाने में 2 सितंबर को अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया था कि रिपोर्ट दर्ज कराने के चार माह पूर्व उसे उसकी बेटी ने पिता द्वारा अश्लील कृत्य करने की जानकारी दी थी। किशोरी के साथ एक अन्य ऑटो चालक ने अश्लील हरकत करने की कोशिश की। इसके बाद महिला अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची।



- पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को सिगरेट के साथ शराब पीने की लत लगा दी थी

### मंदिर में घूम-घूमकर भीख मंगवाता

महिला के अनुसार किशोरी को उसका पति पुरानी बस्ती स्थित मंदिरों में ले जाकर भीख मंगवाने का काम करता और पूरे दिन अपने पास रखता। महिला के अनुसार उसका पति अपनी बेटी को सिगरेट पीने की लत लगाने के साथ शराब पिलाता था।

## विस्तारा का हुआ विलय, 20 माह बाद आज से दिल्ली-रायपुर के बीच एयर इंडिया की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




विस्तारा एयरलाइंस के एयरक्रॉफ्ट ने दिल्ली-रायपुर के बीच सोमवार को अंतिम उड़ान भरी। आज से उसकी जगह एयर इंडिया की फ्लाइट संचालित होगी। काफी समय से विस्तारा की दो फ्लाइट दिल्ली-रायपुर के बीच सुबह और शाम के शेड्यूल में उड़ान भरती थीं। वहीं मंगलवार से अस्तित्व में आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट की अंतिम उड़ान 20 माह पहले रायपुर से हुई थी।
जानकारी के अनुसार विस्तारा और एयर इंडिया एयरलाइंस के बीच विलय की प्रक्रिया काफी समय से चल रही थी, जो अब पूरी हो चुकी है। सोमवार को रायपुर से फ्लाइट यूके 794 सुबह 8.55 बजे और यूके 798 रात्रि 8.15 बजे रवाना हुई। आज से दोनों शहरों के बीच यात्रियों की आवाजाही विस्तारा के स्थान पर एयर इंडिया के एयरक्रॉफ्ट के माध्यम से होगी। 12 नवंबर से यह फ्लाइट यूके के स्थान पर एआई के नाम से संचालित होगी। जानकारी के अनुसार, विस्तारा एयरलाइंस काफी सालों से सिर्फ दिल्ली के लिए रायपुर से उड़ान का संचालन कर रही थी। विस्तारा के साथ विलय के बाद रायपुर विमानतल पर एक बार फिर एयर इंडिया की एंट्री हो रही है।

## कायस्थ समाज के प्रतिभाशाली हुए सम्मानित

**रायपुर।** कायस्थ समाज एवं सुषेण वैद्य स्मृति सेवा समिति द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में रविवार को कायस्थ समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन किया गया। साथ ही दीपावली मिलन और सम्मान समारोह भी हुआ। इस अवसर पर समाज को गौरवान्वित करने वाली निक्की श्रीवास्तव मंडल, राहुल सिन्हा, मनीषा श्रीवास्तव, इंजीनियर संदीप कुमार वर्मा, डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. श्रीष वर्मा, डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. रवि आर. सक्सेना का सम्मान किया गया। समाज के परिचय सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 42 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। साथ ही तलाश-ए-हमसफर पत्रिका का विमोचन किया गया। मंच संचालन डॉ. रीतू श्रीवास्तव ने किया। इसी दौरान कायस्थ समाज की पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज के प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया गया। इसी तरह के सफल कार्यक्रम भविष्य में भी हमारे समाज द्वारा संचालित किए जाते रहेंगे, जिससे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।




## पेज 11 के शेष ...

### 7 स्पेशल ट्रेनों...

अधिक यात्रियों ने सफर किया, जिसमें सर्वाधिक बुकिंग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर से हुई है। इन प्रत्येक ट्रेनों से मंडल को लाखों का राजस्व लाभ होना बताया जा रहा है। इन ट्रेनों के परिचालन से अन्य ट्रेनों में वेटिंग कम हो सकी। रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में 4 नवंबर 120.72 लाख 19.43 लाख आरक्षित और 101.29 लाख बिना आरक्षित यात्रियों ने सफर किया। इसके अलावा 180 लाख उपनगरीय यात्री रेलवे द्वारा ट्रैक किए गए। यह वर्तमान वर्ष के लिए एक दिन का सबसे बड़ा यात्री आंकड़ा था।

### मेडिकल कॉलेज में...

डा. विवेक चौधरी की उपस्थिति में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के दौरान सीनियर और जूनियर छात्रों का बयान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दर्ज हुआ। बयान के आधार पर मामले को काफी गंभीर माना गया और दोषी छात्रों की संख्या दो से बढ़कर पांच हो गई। प्रबंधन ने रैगिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्ती दिखाई है। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि पांचों सीनियर छात्रों को एक माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्हें इस बात की हिदायत दी गई है कि वे परिजनों के साथ कालेज आएंगे जहां उनसे शपथपत्र लिया जाएगा।

### टूटेगा टिकरापारा का...

जिला प्रशासन ने पत्र के आधार पर 96 टिनामेंट अपार्टमेंट का परीक्षण कराने लोक निर्माण विभाग जोन 1 को रिपोर्ट देने कहा है। परीक्षण के बाद अपार्टमेंट जर्जर घोषित होते ही उसे खाली कराकर तोड़ा जाएगा और नए निर्माण के लिए प्राधिकरण टेंडर करेगा।

### 7 मंजिला परिसर...

नवनिर्मित आवासीय परिसर में नियम अनुसार व्यवस्थापन के तहत फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी। बाकी के बचे फ्लैट को रायपुर विकास प्राधिकरण सेल आउट करेगा।

### छत्तीसगढ़ में बिकने...

कारोबारी वाहन मंगाकर दे रहे हैं। पेट्रोल के लगातार बढ़ते दाम के कारण लोग इसके विकल्प के रूप में इस समय ई-वाहन और सीएनजी वाहनों की तरफ जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सीएनजी के पंप न होने के कारण यहां पर सीएनजी वाहनों की बिक्री प्रारंभ नहीं हो सकी थी, लेकिन अब प्रदेश में सीएनजी के पंप खुलने लगे हैं। ऐसा होने से मारुति और टाटा कंपनी ने दीपावली के समय सीएनजी वाहन मंगाकर बेचे हैं। अब लगातार डिमांड आ रही है तो सीएनजी की कारें बिक रही हैं।


## अज्ञात कार की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में अज्ञात कार की ठोकर लगने से एक बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मठपुरैना मेनरोड भाठागांव के पास एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने हरविंदर की बाइक को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। कार की ठोकर लगने से बाइक चालक गिर गया और सिर पर गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई। मृतक दुर्ग निवासी बताया जा रहा है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

संभलकर! कहीं टैटू 'दर्द' न बन जाए....

## लाइव इवेंट

### जनजातीय गौरव दिवस पर 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तक दल देंगे प्रस्तुति

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञों सहित कई राज्यों के आदिवासी कलाकार, आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी नर्तक दलों एवं कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। अब तक 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तक दलों ने इस आयोजन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड, मेघालय, असम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के आदिवासी नर्तक दल शामिल हैं। इनमें पुरुष एवं महिला कलाकारों की संख्या 425 है।



#### वर्चुअली जुड़ेंगे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की शुरुआत 14 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। इस दौरान अतिथियों के उद्बोधन के साथ ही अन्य कार्यक्रम होंगे। साइंस कॉलेज मैदान में संध्या 3 बजे से अंतर्राज्यीय लोकनर्तक दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ-साथ जनजातीय गौरव से संबंधित विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन तथा जनजातीय जीवनशैली पर चित्रकला का प्रदर्शन होगा।

## सिटी इवेंट

### जीत बने स्काउड-गाइड के आयुक्त स्कार्फ पहनाकर कैडेट्स ने किया सम्मान



**रायपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के कैडेट्स ने गुरुवार को जनजागरुकता रैली निकाली। रैली नगर के विभिन्न मार्ग से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों को आसपास सफाई रखने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने सहित अन्य जागरुकता संदेश दिए गए। कैडेट्स इस दौरान स्काउट-गाइड के नए आयुक्त जीत यादव के घर भी पहुंचे। जहां उन्होंने स्कार्फ पहनाकर उनका स्वागत किया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आव्हान के मार्ग दर्शन पर यह रैली निकाली गई। रैली में स्काउटिगं से जुड़ी जानकारी भी दी गई। 75वीं स्थापना दिवस वर्षगांठ पर यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बालक दास राऊत, सरस्वती गिरिया, हेमा चंद्रवंशी, अमीता हसमुख, नोमिन साहू, कल्पना शुक्ला, भारती गुप्ता, अनिल साहू, अवधेश, सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक गजेन्द यादव के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## समाज लाइव

### निर्धन दिव्यांगों की शादी का दायित्व निभाएगा नवा सवेरा



**रायपुर।** शहर में कई ऐसे निर्धन दिव्यांग युवक-युवतियों के परिवार हैं, जो उनकी शादी का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे वर एवं वधू का विवाह इस बार नवा सवेरा जनकल्याण समिति द्वारा स्व. कृपाराम साहू एवं स्व. प्रयाग साहू स्मृति में भव्य समारोह 14 नवंबर को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को पत्रकारवार्ता में समिति की अध्यक्ष लता साहू ने दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का खर्च समिति वहन करेगी। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मंत्री टंकराम वर्मा, महंत रामसुंदर दास, विधायक संदीप साहू के अलावा डॉ. सोमनाथ साहू, डॉ. राकेश गुप्ता, सुभाष मिश्रा प्रमुख रूप से मंचस्थ रहेंगे।

#### दिनभर होंगे आयोजन


इस समारोह में दिव्यांग एवं निर्धन युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह सुबह 9 से बजे से शुरू होगा। इसके बाद अलंकरण एवं सम्मान समारोह भी किया जाएगा। इसमें सेवक भाई, अमित गुप्ता, राजा निर्मलकर, राजेंद्र कुमार साहू, लीना साव, निर्मला साहू, विष्णु प्रसाद साहू और परमेश्वर साहू समारोह को सफल बनाने व्यवस्था की कमान दिनभर संभालेंगे। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी भी बांटी गई है।

● माह में विवाह के लिए मिलेंगे 18 शुभ मुहूर्त, आज से शुरू होंगे विवाह आदि मांगलिक कार्य

# वृंदावन-ऋषिकेश की थीम पर शादी करने 10 से 40 लाख तक पैकेज, 21 ब्राम्हण शंख और वैदिक मंत्रोच्चार से करेंगे स्वागत

**तुलसी पूजा के साथ ही मंगलवार से फिर से शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है, जिसे लेकर शहर के मैरिज भवन नवंबर, दिसंबर में शुभ मुहूर्त के दिनों के लिए बुक हो चुके हैं। सामाजिक और प्राइवेट भवन की मांग विवाह के लिए बढ़ी हुई है। इस बार भी माहौल को यादगार बनाने थीम बेस्ट शादियों की मांग है, इसलिए लोग वेडिंग प्लानर से संपर्क कर रहे हैं।**

**रायपुर।** हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होते। पंचांग के अनुसार इस साल नवंबर और दिसंबर माह में विवाह के लिए कुल 18 शुभ मुहूर्त तिथियां हैं। मैरिज भवन संचालकों का कहना है कि 16 और 22 नवंबर से अलावा 24, 27 और 29 को बुकिंग हो चुकी है। ज्यादातर लोगों ने एडवांस पैसे भी दे दिए हैं। इसके अलावा सिंधी समाज, गुजराती और महाराष्ट्र मंडल के सामाजिक भवन की बुकिंग शुरू हो चुकी है। यहां भी नवंबर में 9 शुभ मुहूर्त के लिए भवन बुक हो चुके हैं।



#### 90 हजार से 1 लाख तक पहुंचा सामाजिक भवनों का किराया

निजी भवनों के दाम बढ़ने के बाद कई लोग सामाजिक भवन बुक करा रहे हैं। समाज का भवन लोगों को 20 प्रतिशत सस्ता पड़ रहा है।। गुजराती, सिंधी, पंजाबी, सोनकर, कुर्मी समेत यादव समाज के भवन 80 हजार तक किराए में मिल जा रहे हैं। निजी भवन में एक दिन का किराया 1 लाख से डेढ़ लाख तक है। स्टेशन रोड स्थित गुजराती समाज में अभी से नवंबर व दिसंबर के लिए बुकिंग होने लगी है। इसी तरह कुर्मी और यादव समाज के अधिक भवन भी बुक हो चुके हैं। समाज का कहना है कि भवन के दाम बढ़े हैं। वर्तमान में निजी भवन से अधिक समाज के भवनों में बुकिंग हो रही है।



#### ललित महल में होगी शाही शादी

राजधानी में शाही शादी को लेकर ललित महल में पूछपरख इन दिनों बढ़ गई है। इस सीजन में बड़ी शादियां यहां होंगी। शुभ मुहूर्त में होटल महीनेभर से बुक होने लगे हैं। महानगरों के तरह अलग-अलग थीम में विवाह का आयोजन किया जाएगा। नवंबर को लेकर लोग भवन और कमरे की बुकिंग शुरू कर चुके हैं। भवन का उपयोग शादी थीम के अनुसार कर सकेंगे। कृषि विवि स्थित अग्रसेन धाम में नवंबर महीने में 6 से अधिक शादियां होंगी, जिसकी बुकिंग महीनों पहले से हो चुकी है। पदाधिकारियों का कहना है कि समाज के लोगों द्वारा बुकिंग अधिक है। अग्रवाल समाज द्वारा यहां विवाह के लिए नए कमरा बनाए गए हैं, जिसका एक दिन का किराया 1 लाख से अधिक है। नवबंर से लेकर दिसंबर तक के लिए भी लोग बुकिंग करा चुके हैं। इसके अलावा नए साल में विवाह के लिए अग्रोहा धाम और सिंधु भवन में भी भवन को लेकर पूछपरख बढ़ गई है। यहां भी नंबवर में बुकिंग फूल बताई जा रही है।

#### शादी में राम-जानकी विवाह की झलक




इस सीजन शादियों में थीम बेस्ट शादी की चर्चा है। वेडिंग प्लानर विनायक शर्मा ने बताया कि इस बार खास रामायण थीम पर शादियां देखने को मिलेंगी। इसमें घराती-बारातियों को राम-जानकी विवाह की झलक देखने मिलेगी। प्लानिंग बजट के हिसाब से होती है। रामायण थीम पर होने वाली शादी पर 10 लाख रुपए से अधिक का खर्च आता है। इसके अंतर्गत सजने वाले शादी के पंडाल को भगवा रंग दिया जाता है। दूल्हा-दुल्हन की एंट्री कपल कराते हैं। 21 ब्राह्मण शंख, ढोल-नगाड़े और एक साथ वैदिक मंत्रोच्चार करेंगे, जिससे माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक हो जाएगा। वृंदावन और ऋषिकेश की थीम पर होने वाली शादियों पर शहरवासी 30 से 40 लाख रुपए तक खर्च करने वाले हैं।

#### 16 नवंबर से शुरू होंगे शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, नवंबर, दिसंबर माह में शादी विवाह के लिए 16 नवंबर, 17 नवंबर, 22 नवंबर, 23 नवंबर, 24 नवंबर, 25 नवंबर, 26 नवंबर, 28 नवंबर और 29 नवंबर है। दिसंबर में 2 दिसंबर, 3 दिसंबर, 4 दिसंबर, 5 दिसंबर, 9 दिसंबर, 10 दिसंबर, 11 दिसंबर, 14 दिसंबर और 15 दिसंबर शादी के लिए सबसे शुभ मुहूर्त रहेंगे। इस वर्ष चातुर्मास का आरंभ देवशयनी एकादशी के साथ 17 जुलाई से हुआ था। इसलिए 17 जुलाई के बाद से नवंबर में आने वाली देवउठनी एकादशी तक के समय के दौरान सभी मांगलिक और शुभ कार्य पूरी तरह से बंद हैं।

## प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई करने ऑनलाइन किताबों पर फोकस बिना कोचिंग सब्सक्रिप्शन के सहारे घर और लाइब्रेरी में तैयारी

**रायपुर।** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा स्मार्ट स्टडी पर भी जोर देने लगे हैं। कंधों पर किताबों का बोझ कम करने के लिए ऑनलाइन के जरिए ई-बुक डाउनलोड पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ पुरानी किताब ऐसी हैं, जिसका प्रकाशन बंद हो चुका है, लेकिन ये ऑनलाइन पढ़ने को मिल रही हैं। लैपटॉप और आईपैड पर ऑनलाइन किताबें खरीदकर पढ़ाई की जा रही है। हरिभूमि ने ऑनलाइन स्टडी मटेरियल को लेकर स्टूडेंट्स ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन के जरिए घर या लाइब्रेरी में आसानी से पढ़ाई की जा सकती है। हर स्टूडेंट कोचिंग पर सालाना लाखों रुपए खर्च नहीं कर सकता, इसलिए देश के नामी कोचिंग संस्थानों ने अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन क्लास से जुड़ने के लिए शुल्क निर्धारित किया हुआ है। बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने स्टडी के लिए सब्सक्रिप्शन लिया हुआ है। इससे भी घर बैठे बिना कोचिंग के पढ़ाई हो रही है।



#### अनएकेडमी और दृष्टि कोचिंग पहली पसंद

जेईई व नीट समेत आईएएस की तैयारी करने के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स की पसंद विकास दिव्यकीर्ति के दृष्टि द विजन' कोचिंग सेंटर होती है। इसके अलावा बेंगलुरु में मेडिकल की पढ़ाई करने अनएकेडमी कोचिंग सेंटर जाते हैं। ऑनलाइन में भी इन कोचिंग संस्थानों की क्लास से जुड़ना युवाओं को अधिक पसंद है। नालंदा और सेंट्रल लाइब्रेरी में पढ़ाई करने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स ने सब्सक्रिप्शन लिया है। इसकी कीमत 5 हजार से लेकर 30 हजार तक है। अनएकेडमी के नीट और जेईई की तैयारी और रोजाना मॉक टेस्ट देने के लिए भी स्टूडेंट्स सब्सक्रिप्शन लेकर पढ़ाई कर रहे हैं।

#### ई-बुक्स और ई-कॉमर्स वेबसाइट से भी पढ़ाई

ऑनलाइन पढ़ाई करने स्टूडेंट्स इंटरनेट में ई-बुक्स लाइब्रेरी की मदद ले रहे हैं। यहां कई किताब में फ्री में तो कुछ किताबों को पढ़ने के लिए पैसे भी देने पड़ते हैं। इसके अलावा ई-कॉमर्स वेबसाइट्स पर हर तरह की सामग्री उपलब्ध है। यहां स्टूडेट्स एग्जाम का नाम सर्च कर सकते हैं। सर्च करने पर संबंधित पब्लिशर्स की बुक मिल जाती है। शुल्क चुकाकर ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। बड़े संस्थानों में प्रवेश के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट आयोजित होने लगे हैं। ऐसे में इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन वेब पोर्टल के जरिए अभ्यर्थी स्वयं का आकलन कर सकता है।

## जेईई मेनः सेक्शन बी में इस बार 5 सवाल, आवेदन 22 तक

**रायपुर।** जेईई मेन पहले चरण के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए 22 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। पिछले दिनों एनटीए की ओर से शेड्यूल जारी किया गया है। इस बार एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब समान अंक आने पर छात्रों को समान रैंक मिलेगी। इसी तरह इस साल सेक्शन बी में ऑप्शनल सवाल समाप्त कर दिया गया है। अब दस की जगह 5 सवाल पूछे जाएंगे और सभी का जवाब देना जरूरी होगा। पहले चरण में जेईई मेन 22 से 31 जनवरी के बीच आयोजित की जाएगी। इसका रिजल्ट 12 फरवरी को जारी होगा। वहीं दूसरे चरण की परीक्षा 1 से 8 अप्रैल के बीच होगी। इसके नतीजे 17 अप्रैल को जारी होंगे। दूसरे चरण के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 31 जनवरी से शुरू होगी। आईआईटी समेत देश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। जेईई मेन को लेकर विस्तृत जानकारी एनटीए की वेबसाइट पर जारी की गई है। एग्जाम को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो।

कार्नर न्यूज

राजधानी में पुणे, आंध्रप्रदेश, कोलकाता और थाईलैंड से पौधे मंगाकर सजा रहे नर्सरी

# सीजनल पौधों से गुलजार हुई नर्सरी, घरों के लिए कलिंग पॉम, अजेलिया-हाईब्रिड गेंदे की डिमांड

**रायपुर।** शहर में फूलों का कारोबार इन दिनों काफी फल-फूल रहा है। फूलों की यह दुनिया शहर के अलग-अलग हिस्सों में खूब चहक-महक रही है। पूना, आंध्रप्रदेश, कोलकाता और इससे जुड़े कारोबारियों के जरिए थाईलैंड से सीजनल फूलों की खेप भी रायपुर पहुंच रही है। घरों में फूलों की क्यारी सजाने का शौक रखने वाले लोग अब सरोना, मठपारा, सड्डू, खम्हारडीह की नर्सरी का रूख करने लगे हैं। नर्सरी में फूलों की क्यारी सजाने वाले दीपक अठवानी, सुरेश साहू, राकेश यादव बताते हैं कि पौधों के पारखी अब सीजन के लिहाज से भी नर्सरी में फूलों एवं पौधों की सुध लेने के लिए आते हैं। इन दिनों पिटूनिया, सेवंती, डहेलिया जैसे पौधों को लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। लोग सीजन के लिहाज से इसलिए भी पौधे लेते हैं, क्योंकि इससे उन्हें संवारने के लिए ज्यादा देखभाल नहीं करनी पड़ती है।



#### वैरायटीज में भी हो रहा इजाफा

नर्सरी संचालक और देखभाल करने वाले बताते हैं कि सीजन के अनुसार फूलों और पौधों की मांग घटती-बढ़ती है। ठंड के सीजन में सबसे ज्यादा फूल के पौधों की डिमांड होती है। पहले फूल के लिए हमें पूरी तरह से बंगाल पर निर्भर रहना पड़ता था। अब कोलकाता, पुणे से भी फल और फूलों के पौधे की खेप आने से वैरायटी में भी इजाफा होने से आने वाले ग्राहकों की पसंद के पौधे आसानी से मिलने से ग्राहकी भी बढ़ने लगी है। आमतौर पर सुबह और शाम के समय ही लोग नर्सरी में पौधे लेने पहुंचते हैं। सभी नर्सरी से जुड़े लोगों ने एवरेज प्रतिदिन 25 से 50 पौधे तक बिकने की बात कही।




#### डालिया, भरबिना, डॉग प्लांट

बढ़ती मांग को देखते हुए किसान भी सब्जी के साथ फूलों की खेती करने लगे हैं। इससे हर क्षेत्र में छोटी-बड़ी नर्सरियों की संख्या बढ़ गई है। सीजनल फ्लॉवर के अलावा शो-प्लांट की सालभर उपलब्धता रखनी पड़ती है। सीजनल फूल के पौधे 25 से 200 रुपए में उपलब्ध हैं। ग्रीन चिली या कैप्सीकम, ऑर्किड का पौधा अन्य पौधों से महंगा होता है। ठंड में सीजनल फूलों में हाइब्रिड गेंदा, पिटूनिया, कैलेंडुला, डालिया, भरबिना, डॉग फ्लावर, जुरेनियम, पेंजी, ऑस्टर, डेनथस, सालविया, गेजेनिया सहित दो सौ तरह के फूलों की वैरायटीज रखते हैं। गर्मी में सजावट वाले पौधे और बरसात में फल के पौधों की मांग अधिक होती है।

## धर्म लाइव

# अहंकार क्रोध की सबसे बड़ी वजह इसी से होता है सुख-शांति का नाश



**रायपुर।** क्रोध ऐसी बला है, जो मनुष्य का विवेक नष्ट कर देती है। यह न केवल हमारे भीतर की शांति को भंग करता है, बल्कि स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। क्रोध आने के कई कारण हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अहंकार। मैं और मेरे की भावना। इसके अलावा असंतोष और अपेक्षाएं भी क्रोध का कारण बनती हैं। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में रविवार को विराग मुनिश्री ने ये बातें कही। वे कषायों पर आधारित विशेष प्रवचन श्रृंखला के अंगर्तत धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अहंकार ही क्रोध की सबसे बड़ी वजह है। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आने का सबसे बड़ा कारण भी यही है कि हम खुद को दूसरों से ऊपर मानते हैं। अहंकार में व्यक्ति को लगता है कि सिर्फ वही सही है। जबकि ऐसा नहीं होता। गुस्से में व्यक्ति 100 प्रतिशत बार गलत होता है।

### दूसरों को देंगे तनाव खुद भी रहेंगे क्रोधित

मुनिश्री ने क्रोध के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, क्रोध के कारण व्यक्ति के रिश्ते बिगड़ सकते हैं। क्रोध में कही बातें हमेशा के लिए रिश्तों को तोड़ सकती हैं। इससे मानसिक तनाव भी बढ़ता है। कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। इससे बचने का पहला उपाय है आत्म-विश्लेषण। जब भी आपको क्रोध आए, एक पल के लिए रुकें। सोचें कि क्या इस स्थिति में क्रोधित होना उचित है? इस प्रकार आपको सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

## बॉडी पर काले और हरे रंग का टैटू बनवाना सुरक्षित, इसे हटाना भी आसान

# संभलकर! कहीं टैटू 'दर्द' न बन जाए, हाईजीन का ध्यान नहीं रखा तो मुसीबत में डाल देगा संक्रमण

यंग यूथ में बीते कुछ सालों से लगातार टैटू का क्रेज बढ़ता जा रहा है। जहां ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में व्यक्ति टैटू बना रहे हैं। टैटू निर्माण के दौरान साफ-सफाई व हाइजीन के सही प्रयोग न करने से कई समस्याएं हो सकती हैं, जिसके लिए सावधानी बरतनी जरूरी है। अनहाइजीन नीडल, इंक, ग्लब्स व टिशु पेपर जैसी अनेक वस्तुओं का प्रयोग कई व्यक्तियों की त्वचा पर किया जाता है, जिससे एक साथ अनेक व्यक्ति संक्रमित हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए अनुभवी चिकित्सकों व टैटू आर्टिस्ट ने जानकारी साझा की है। इसमें टैटू तैयार करने का सही तरीका बताया है।

**रायपुर।** चिकित्सकों के अनुसार, टैटू लवर्स अनुभवी और पेशेवर टैटू आर्टिस्ट का चयन करें। टैटू निर्माण के बाद त्वचा को साफ रखना और धूप से बचाना जरूरी होता है। इससे पहले टैटू शॉप की स्वच्छता, उपकरणों की सफाई व टैटू के दौरान उपयोग करने वाले वस्तुओं की जांच जरूर करें।



### टैटू रिमूव करने पर 10-15 हजार तक खर्च

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत सिंघानिया ने बताया, टैटू के दौरान नीडल रक्त के संपर्क में आता है, जिससे रक्त द्वारा फैलने वाली बीमारी व्यक्ति के शरीर में फैलने की संभावना होती है। इससे लोगों में एड्स, हेपेटाइटिस, स्किन टीबी, लेप्रोसी, एचआईवी जैसे समस्या देखने को मिलती हैं। टैटू के दौरान हाइजीन व नीडल की जांच जरूर करें, इस लापरवाही से बड़ी बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। टैटू में प्रयोग कई रंग त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे घाव, त्वचा, रक्त में संक्रमण व गांठ बन जाती है, जिसे सर्जरी कर अलग किया जाता है, इसमें 10-15 हजार तक खर्च हो सकते हैं। टैटू रिमूव करने की प्रक्रिया 9-10 माह तक चलती है।

### चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

राज्य एड्स नियंत्रण कार्यालय से एडिशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. खेमराज सोनवानी ने बताया, टैटू के दौरान एक ही नीडल का प्रयोग एक से अधिक लोगों पर करने की वजह से यह समस्या देखने को मिल सकती है। शहर में कई केस एड्स के हैं, लेकिन निश्चित रूप से टैटू को नहीं कहा जा सकता है, लेकिन टैटू संबंधित समस्याओं को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा, जिसमें लोगों को टैटू संबंधित हाइजीन जैसे विषयों पर जानकारी प्रमुखता से दी जाती है।

### टैटू के रंग से भी रिएक्शन

डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सिंह ने शरीर पर टैटू तैयार करने पर जानकारी साझा की। कहा, शरीर पर किसी भी प्रकार का टैटू बनवाना सही नहीं है। जब इंफेक्टेड नीडल व्यक्ति को लगाई जाए तो उसे विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही ब्लैक व ग्रीन कलर में तैयार टैटू को आसानी से हटाया जा सकता है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित भी होता है। अस्पताल के कई मरीजों को टैटू के रंग से भी रिएक्शन हुआ है, जिसका इलाज लंबे समय तक करना पड़ता है।

### टैटू के लिए यूएस और जर्मनी से रंगों की खरीदी

टैटू आर्टिस्ट राज श्रीवास्तव ने बताया, टैटू से पहले लोगों की हाईजीन का ध्यान रखा जाता है, जिसके लिए नए ग्लब्स, टिशू पेपर, इंक, नीडल और डिस्पोज जरूरी हैं। टैटू के लिए डायनॉमिक व इंटरनल इंक कंपनी का चयन किया जाता है, जो यूएस और जर्मनी में तैयार होती है। वहीं टैटू के लिए क्वाइल मशीन व यूरोपियन पेन का प्रयोग किया जाता है। किसी व्यक्ति के टैटू कराने से पहले व बाद में सेनेटाइज किया जाता है। साथ ही सभी के लिए नई नीडल का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे किसी भी प्रकार की समस्या त्वचा में नहीं होती।



### अनुभवी चिकित्सक की सलाह से टैटू हटवाएं

टैटू आर्टिस्ट शैली श्रीवास्तव ने बताया, टैटू बनवाने से पहले आर्टिस्ट की योग्यता की जांच जरूर करें। अनुभवी आर्टिस्ट सही रंग व वस्तुओं का प्रयोग करते हैं। टैटू रिमूव करने के लिए टैटू आर्टिस्ट का चयन करना गलत है। इसके लिए त्वचा रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह लें, इनसे मिली जानकारी के अनुसार शरीर को नुकसान नहीं पहुंचता।

## समाज लाइव

# पाकिस्तान में गुरुपर्व मनाएगा सिख समाज, गुरुद्वारों का करेंगे दर्शन



**रायपुर।** शहर के सिख समाज के लोगों का एक समूह श्री गुरुनानक देव का जन्मोत्सव मनाने के लिए ननकाना साहेब पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। सोमवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में लखविंदर सिंह मुल्तानी के मार्गदर्शन में सिख जत्था रवाना हुआ, जो अमृतसर के बाघा बार्डर से पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। 10 दिनों में ननकाना साहेब, पंजा साहेब, सच्चा सौदा, डेरा साहेब लाहौर, करतारपुर, रोड़ी साहेब गुरुद्वारा का दर्शन करके 26 नवंबर को वापस लौटेगा। रेलवे स्टेशन पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, सचिव गुरमीत सिंह गुरदत्ता, हरपाल सिंह ओबेरॉय, प्रीतपाल सिंह सलूजा ने 'बोले सो निहाल, सतश्री अकाल' के जयघोष के साथ जत्थे को रवाना किया।

### सिख समाज ने जताया आभार

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने रविवार को प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर में निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा में शामिल होने वाले सिख समाज के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में शासन-प्रशासन का सहयोग के लिए आभार जताया है। सचिव गुरमीत सिंह गुरदत्ता ने नगर कीर्तन में शामिल लोगों के सहयोग के लिए जगह-जगह स्वागत करने वाले विभिन्न सामाजिकजनों व व्यापारियों ने संगत के लिए स्टाल लगाकर समाज का सहयोग किया, इसके लिए साधुवाद दिया है।

# व्हाइट मार्बल से सजेगा बांके बिहारी धाम, दुर्गा, शंकर हनुमान, महालक्ष्मी, अग्रसेन महाराज की लगेगी प्रतिमा

### राजधानी के 154 साल पुराने आस्था केंद्र में 15 दिन बाद शुरू होगा आंतरिक कार्य

**रायपुर।** नयापारा के 154 साल पुराने श्री बांके बिहारी मंदिर का बाहरी आकर्षण जहां थ्रीडी डिजाइन में देखने को मिलेगा। वहीं आंतरिक ढांचे को 15 दिनों बाद जयपुर के व्हाइट मार्बल से सजाने का सिलसिला शुरू किया जाएगा। दर्शन के लिए पहुंचने वालों को सफेद मार्बल से सजने वाले श्री बांके बिहारी के दरबार में भी खास आकर्षण मिलेगा। इस मंदिर में आस्थावान लोगों के लिए मार्बल से बनी बांके बिहारी, माता दुर्गा, शंकर भगवान, रामभक्त हनुमान, महालक्ष्मी के अलावा भगवान अग्रसेन की मूर्ति भी स्थापित करने की तैयारी है। श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि पुरातत्व कला के अनुरूप इसे डिजाइन करने में इंजीनियर नीरज गज्जर अहम भूमिका निभा रहे हैं।



### जयपुर के कारीगर देंगे खास लुक

मंदिर की बाहरी साज-सज्जा श्री गज्जर ने डिजाइन की है। मंदिर को वास्तु सम्मत बनाने ज्योतिष व वास्तुशास्त्री सुमित विज की सेवाएं ली गई हैं। मंदिर का संपूर्ण ले-आउट और टू-डी डिजाइन इंटीरियर डेकोरेटर अनीशा अग्रवाल द्वारा तैयार किया जाना है। इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. मोहनलाल अग्रवाल एवं इंजीनियर अजय गर्ग के अलावा डॉ. अशोक अग्रवाल ने भी स्ट्रक्चरल डिजाइन तैयार किया है। मंदिर के आंतरिक ढांचे को मार्बल के मंजे हुए जयपुर के कारीगर तैयार किए गए डिजाइन के अनुरूप लुक देने का काम 15 दिन बाद शुरू करेंगे।

### डिजाइन के अनुरूप तय होगा स्थान

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाल, सचिव नंदकिशोर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अजय खेतान के साथ सुरेश चौधरी की निगरानी में मंदिर के आंतरिक काम होंगे। प्रयास किया जा रहा है कि ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर पर ही सभी मूर्तियों की स्थापना के लिए डिजाइन के अनुरूप तय स्थान को भी खासतौर से डिजाइन किया जाएगा। कारीगरों को इंटीरियर डिजाइनर मार्गदर्शन देंगे। मंदिर का पूरी तरह से निर्माण होने के बाद आगे की कार्ययोजना पर ट्रस्ट के 20 नए और पांच पुराने ट्रस्टियों की सहमति से आगे तैयारी होगी।

# श्रीराम को माता कैकेयी ने बनाया भगवान हनुमानजी ने लिखवाई थी रामायण

**रायपुर।** राम को भगवान राम बनाने वाली माता कैकेयी थीं। वे न होतीं तो उन्हें भगवान राम का रूप लेना संभव नहीं था। इसी प्रकार रामायण तुलसीदासजी ने नहीं लिखी, बल्कि हनुमानजी ने उनसे लिखवाई थी। रामभद्राचार्य महाराज के शिष्य डॉ. अशोक चतुर्वेदी ने सोमवार को सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के दीपावली मिलन में श्रीराम कथा प्रसंग पर ये बातें कही। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की एक वेबसाइट का लोकार्पण ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महराज शंकराचार्य आश्रम ने सभी की उपस्थिति में किया। उन्होंने कहा कि धर्म के अनुरूप बिना किसी मोह के सामाजिक कार्य करने से समाज को प्रतिष्ठा मिलती है। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ही ऐसा समाज है, जो सबके मंगल के लिए हमेशा कामना करता और सबको साथ लेकर चलता है।



### रिश्ते तलाशने में मिलेगी मदद

**सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के दीपावली मिलन में धार्मिक चर्चा**

दीपावली मिलन में विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सर्वमान्य समाज है। हमको अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखनी होगी। सभा के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने वेबसाइट पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें समाज की पूरी जानकारी तो रहेगी, साथ ही विवाहयोग्य युवक-युवतियों की जानकारी भी अपलोड होगी। इससे उनके माता-पिता को योग्य रिश्ते घर बैठे मिलेंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए सबके मंगल की कामना की। समारोह में राजेश तिवारी, डीएस परोहा, अरूण दुबे, अजय तिवारी, राममूरत तिवारी, कैलाश तिवारी सहित सैकड़ों की तादाद में सभा से जुड़े समाजजन मौजूद थे।

## आराधना

# अयोध्या वाले रत्नेश महाराज सुनाएंगे श्रीराम कथा, संत सम्मेलन भी होगा



रायपुर। मठपारा स्थित श्री दूधाधारी मठ ट्रस्ट द्वारा 'श्री दूधाधारी मठ महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा। नौ दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 13 नवंबर से होगा, जिसका समापन 21 नवंबर को होना है। इस दौरान संगीतमय श्रीरामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। जहां नौ दिनों तक श्रीरामकथा का वाचन किया जाएगा। कथावाचक रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज होंगे, जिन्हें अयोध्या से आमंत्रित किया गया है। श्री दूधाधारी सत्संग भवन में आयोजित कथा दो पालियों में होगी, जो सुबह 9 से 12 और दोपहर 3 से 6 बजे तक की जाएगी।

### श्री दूधाधारी मठ महोत्सव कल से

मठ के पं. रामछवि ने बताया, महंत वैष्णव दास महाराज की पुष्यतिथि के अवसर पर आयोजन किया जा रहा है। जो बीते कई वर्षों से निरंतर जारी है। जहां अन्य शहरों व राज्यों से महंत-साधु शामिल होते हैं। कथा के दौरान श्रीरामचरित मानस का वाचन किया जाएगा।

### श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ, निकली कलश यात्रा

रायपुर। प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर-2 में श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। यहां सोमवार को कलश यात्रा, वेदी पूजा एवं गोकर्ण की कथा संपन्न हुई। भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



## देवउठनी एकादशी पूजा आज, मठ-मंदिरों में विवाह उत्सव की तैयारी

# चार माह से सोए देव आज जागेंगे, घरों व मंदिरों में तुलसी विवाह पर सजेंगे मंडप

### गोपाल मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण को मौसमी भाजी का भोग...

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** मंगलवार को देवउठनी एकादशी पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। जहां सुबह से ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाएगी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर तुलसी विवाह की मान्यता है। जहां माता तुलसी और भगवान शालिग्राम की पूजा की जाती है। मंदिरों के साथ घरों में भी तुलसी चौरा पर गन्ने का मंडप लगाकर पूजा की जाती है। भाठागांव, सुंदरनगर, पचपेड़ीनाका, गोलबाजार, शारदा चौक समेत अनेक स्थानों पर गन्ने की खरीदी की जा रही है। इस वर्ष गन्ने की कीमत 100 रुपए जोड़ी है। बीते कुछ सालों से दो नग गन्ने की कीमत 50 रुपए ही लगाई जा रही थी। कवर्धा, सूरजपुर, सरगुजा के किसानों से गन्ना मंगाया गया है।





### गहरे लाल रंग की पोशाक संग स्वर्ण श्रृंगार

*सदरबाजार स्थित श्री गोपाल मंदिर के प्रबंधक राजेश मिश्रा ने बताया, शाम 5.30 बजे से विवाह उत्सव मनाया जाएगा। जहां 32 गन्ने से मंडप तैयार किया जाएगा। इस दौरान चना भाजी, पालक भाजी, चौलाई भाजी, लाल भाजी जैसी अनेक मौसमी भाजियों का भोग विशेष रूप से अर्पित किया जाता है। विवाह के अवसर पर गहरे लाल रंग के वस्त्र धारण कराए जाएंगे। एकादशी पर्व से मंदिर में रेशम से तैयार शॉल व रजाई गर्भगृह में रखे जाते हैं।*

### विजय बालाजी की प्रतिमा के दर्शन

दूधाधारी मठ से पं. रामछवि ने बताया, एकादशी की सुबह 9 बजे से 24 घंटे के लिए मंदिर परिसर में अखंड रामधुन का पाठ किया जाएगा। जो निरंतर अगली सुबह 9 बजे तक चलेगा, इस दौरान मंदिर में श्रीराम जय राम जय जय राम...की गूंज सुनने को मिलेगी। इस दौरान भगवान को फलाहार का भोग अर्पित किया जाता है। शाम 8 बजे विजय बालाजी की प्रतिमा को गर्भगृह से बाहर हनुमान भगवान की प्रतिमा के समक्ष लाया जाएगा। इसके पश्चात 50 से अधिक गन्ने का मंडप तैयार कर तुलसी विवाह कराया जाएगा। साल में केवल दो बार ही विजय बालाजी की प्रतिमा को गर्भगृह से बाहर लाया जाता है।

### सुबह से भगवान नारायण का अभिषेक

महादेवघाट स्थित राधाकृष्ण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जानी है। पं. दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया, साल में दो बार एकादशी और जन्माष्टमी पर विशेष पूजा की जाती है। मंगलवार को सुबह 7 बजे से भगवान नारायण का अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात 5 ब्राह्मणों द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम का जप किया जाना है। शाम को सोने-चांदी व चमकदार पोशाक से श्रृंगार कर विवाह कराया जाएगा।

### ठाकुरजी देंगे भक्तों को दर्शन

पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया देवी मंदिर में तुलसी पूजा शाम 5.30 बजे से प्रारंभ की जाएगी। महामाया देवी के गर्भगृह में मौजूद ठाकुरजी की प्रतिमा को साल में एक बार बाहर दर्शन के लिए लाया जाता है। जहां हवन स्थान में मंडप सजाकर माता तुलसी संग विवाह कराया जाता है। इस दौरान शादी संबंधित विभिन्न रस्में की जाएंगी। मुख्य रूप से श्रद्धालुओं को भी हल्दी रस्म में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

ज्योतिष

## भगवान पर चढ़ाए फूल का गिरना किस बात का संकेत है? जानें क्या कहते हैं शास्त्र



सनातन धर्म में पूजा या प्रार्थना के दौरान भगवान की मूर्ति पर फूल चढ़ाने का बड़ा महत्व है। मंदिर हो या घर में ही हम रोजाना भगवान को श्रद्धा, भक्ति के साथ सम्मान स्वरूप फूल अर्पित करते हैं। कई बार भगवान की मूर्ति पर चढ़ाई हुई माला या फूल गिर जाते हैं। ऐसे में हमारे मन में कई तरह के विचार आने लगते हैं। कई लोग इसे बहुत ही शुभ मानते हैं तो कई लोग इसे अशुभ भी मानते हैं। फूल या माला का गिरना भगवान का संकेत भी माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं शास्त्रों के मुताबिक मूर्ति पर से फूल का गिरना किस बात का संकेत देता है।

**फूल के गिरने का अर्थ** : ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भगवान को अर्पित फूल या फूल माला का गिरना एक संकेत हो सकता है, लेकिन यह संकेत शुभ है या अशुभ, यह पूरी तरह वर्तमान की परिस्थितियों और कर्मों पर निर्भर करता है।

**भगवान का संदेश** : भगवान को अर्पित किए गए फूल या फूल माला का अचानक गिर जाना ईश्वर द्वारा भेजा गया संकेत भी हो सकता है। यह दर्शाता है कि ईश्वर आपकी भक्ति को देख रहा है। इसलिए, इस दिव्य घटना को बहुत ही शुभ माना जा सकता है। ऐसी स्थिति में आपको अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने चाहिए। यह आपके आध्यात्मिक विकास के लिए भी आवश्यक होती है।

**संकट या अवसर** : दूसरी ओर ऐसा भी माना जाता है कि भगवान को अर्पित किए गए फूल या फूल माला का अचानक गिरना आने वाले संकट का संकेत है। इसे एक चेतावनी समझा जा सकता है, जो आपको जीवन में बदलाव और निर्णय की जरूरत पर बल देता है। ऐसे में आपको अपने निर्णय पर फिर से विचार करने की आवश्यकता होती है।

**स्थान और समय** : शास्त्रों के मुताबिक भगवान को अर्पित किए गए फूल या फूल माला गिरते हैं, तो यह स्थान का समय का प्रभाव भी हो सकता है। जैसे आप पूजा गलत समय पर कर रहे हैं, या फिर आप जहां पूजा कर रहे हैं वह स्थान गलत है। फूल का गिरना इस बात का भी संकेत हो सकता है। इसलिए, पूजा के दौरान किसी प्रकार की गलती करने से बचें।

## साल 2025 में शनिदेव की रहेगी इन राशियों पर विशेष कृपा मिल सकता है अपार धन-दौलत



ग्रहों का गोचर ज्योतिष में एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। जब-जब ग्रह एक से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं तो सभी राशियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ता है। जल्द ही अंग्रेजी कैलेंडर का नया वर्ष 2025 प्रारंभ होने वाला है। इस नए वर्ष में कई प्रमुख ग्रहों का राशि परिवर्तन भी होगा। जिसमें शनिदेव का राशि परिवर्तन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनि सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह हैं। यह किसी एक राशि में ढाई वर्षों तक रहते हैं। इस तरह से दोबारा उसी राशि में आने में लगभग 30 वर्ष का समय लेते हैं। 29 मार्च 2025 को शनि कुंभ राशि से निकलकर देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। शनि के राशि परिवर्तन करने से कुछ राशि वालों का भाग्य चमक सकता है। लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी और शुभ समाचार की सूचना मिलेगी। आइए जानते हैं शनि के साल 2025 में राशि परिवर्तन करने पर किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

**मेष राशि** : साल 2025 मेष राशि के जातकों के लिए बहुत ही शुभ साबित होगा। लाभ के भरपूर अवसर आपको मिलेंगे। आर्थिक स्थिति और मान-सम्मान में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। ज्योतिष गणना के मुताबिक साल 2025 में शनि का गोचर मेष राशि में कुंडली के बारहवें भाव यानी व्यय के भाव में होगा। शनि के मीन राशि में गोचर करने से आपके ऊपर शनि की साढ़ेसाती आरंभ हो जाएगी। शनि कुंडली के द्वादश स्थान पर विराजमान होकर कुंडली के तीन प्रमुख भाव दूसरे, छठे और नवम भाव में दृष्टि डालेंगे। ऐसे में आपको अचानक लाभ और तरह-तरह के मौके प्राप्त होंगे।

**वृषभ राशि** : साल 2025 में शनि का गोचर वृषभ राशि के जातकों के लिए बहुत ही अच्छा साबित होगा। आपके लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। शनि आपकी राशि से नवम और दशम के स्वामी होकर कुंडली के लाभ भाव यानी एकादश भाव में प्रवेश करेंगे। ऐसे में आपकी हर तरह की इच्छा पूरी होगी। लाभ के अच्छे अवसर विकसित होंगे जिससे पहले के मुकाबले आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। अचानक से लाभ के योग बनेंगे। अधूरे पड़े कार्यों में सफलताएं मिलेंगी। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के बेहतर मौके मिलेंगे। इसके अलावा प्रमोशन के शानदार योग भी हैं। साल 2025 में आपके खाते में अच्छा खासा धन एकत्रित होगा। जीवन में धन, सुख-सुविधा और ऐशोआराम की कोई कमी नहीं होगी।

**मिथुन राशि** : शनि का मीन राशि में गोचर मिथुन राशि के जातकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मिथुन राशि के जातकों के लिए शनिदेव आठवें और नवम भाव के स्वामी होकर दशम भाव में प्रवेश करेंगे। कुंडली का दशम भाव कर्म से संबंधित होता है। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको नई उपलब्धियां और नया मुकाम हासिल हो सकता है।

### कलाई, हिप्स और रीढ़ की हड्डियों को करने लगता है खोखला

# आपकी जिंदगी से कई साल छीन लेगी हड्डियों की यह साइलेंट बीमारी, बोन फ्रेक्चर से बचने के ये हैं उपाय

हड्डियों को कमजोर करने वाली बड़ी खतरनाक बीमारी है ऑस्टियोपोरोसिस। इसमें हड्डियों में फ्रेक्चर होने का डर बहुत ज्यादा रहता है, लेकिन ऑस्टियोपोरोसिस ऐसी बीमारी है जो आपकी जिंदगी को छोटी भी कर सकती है। ऑस्टियोपोरोसिस की शुरुआत में कोई लक्षण नहीं दिखता, इसलिए यह और ज्यादा खतरनाक है। यही कारण है कि इसे साइलेंट डिजीज कहा जाता है। इसमें हड्डियों की डेंसिटी और स्ट्रैंथ कम होने लगती है, जिसके कारण हड्डियां क्षणभंगुर होने लगती है। ऐसे में कभी भी हड्डियां चटकने लगती है। ऑस्टियोपोरोसिस खासकर कर कलाई, हिप्स और रीढ़ की हड्डियों को खोखला करने लगता है। इससे आयु छोटी होने लगती है।



### क्यों हो रही यह बीमारी


एक खबर के मुताबिक नेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फॉउंडेशन ने कहा है कि सिर्फ अमेरिका में 1 करोड़ लोग ऑस्टियोपोरोसिस के शिकार है, जबकि 4.3 करोड़ लोगों की हड्डियों की डेंसिटी कमजोर है, जिसके कारण इसके ऑस्टिपोरोसिस में बदलने की आशंका ज्यादा है। 2030 तक करीब 30 प्रतिशत आबादी ऑस्टियोपोरोसिस का शिकार हो जाएगी। अमुमान के मुताबिक ऑस्टियोपोरोसिस के कारण हर साल दुनिया में 90 लाख लोगों को फ्रेक्चर का शिकार होना पड़ता है। आजकल युवाओं में भी ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी तेजी से बढ़ने लगी है। इसका सबसे बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खान-पान है। चिंता की बात यह है कि लोगों का ध्यान ऑस्टियोपोरोसिस की ओर जाता भी कम है जो इस बीमारी को और अधिक बढ़ा देती है।

### ऑस्टियोपोरोसिस से बचने के लिए क्या करें

अगर शुरुआत से ही छोटा-छोटा फ्रेक्चर होने लगे और कमर में दर्द हो तो यह ऑस्टियोपोरोसिस के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। इसमें खासकर रीढ़ की हड्डी में दर्द होता है। अक्सर अगर पैरों में फ्रेक्चर हो या शरीर के अन्य हिस्सों में भी हो तो आप गौर करेंगे कि इससे उस व्यक्ति की हाइट में कमी आती है। अगर, आधे से एक इंच तक कमी आ गई है तो आगे ऑस्टियोपोरोसिस के कारण भारी परेशानी होने वाली है। अगर, बार-बार फ्रेक्चर हो रहा है कि 2 से 3 इंच भी हाइट छोटी हो सकती है। वास्तव में हड्डियों की मजबूती के लिए डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

### सूरज की रोशनी है विटामिन डी का सबसे बढ़िया स्रोत

ऐसे में आपको रेगुलर इन चीजों की जरूरत होगी। सूरज की रोशनी विटामिन डी का सबसे बढ़िया स्रोत है। इसके अलावा मशरूम, डेयरी प्रोडक्ट, अंडे की जर्दी आदि से भी इसे पूरा किया जा सकता है। कैल्शियम के लिए दूध, दही, बींस, मसूर की दाल, हरी मटर, बादाम, अखरोट, हरी पत्तीदार सब्जियों का सेवन करें। इन सबके अलावा यदि आप रेगुलर एक्सरसाइज नहीं करेंगे तो हड्डियां मजबूत नहीं होंगी। इसलिए नियमित रूप से एक्सरसाइज कीजिए। डांस, जॉगिंग, लिफ्टिंग या वेट लिफ्टिंग ऑस्टियोपोरोसिस से बचने का सबसे बेहतर तरीका है। वहीं, समय-समय पर हड्डियों की जांच भी जरूरी है।




## क्या नाइट शिफ्ट में काम करने वालों को बच्चा नहीं होगा

रात में काम करना और फर्टिलिटी के बीच गहरा संबंध है। यह बात कई रिसर्च में सामने आ चुकी है, लेकिन इस मामले में एक्सपर्ट क्या कहते हैं यह जानना भी जरूरी है। एक खबर में फर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ. भारती धोरेपाटिल इस बात पर चिंता जताते हुए कहती हैं कि ऐसा हो सकता है। अगर, कोई व्यक्ति लगातार नाइट शिफ्ट में काम करता है तो उसे बच्चा होने में समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि नाइट शिफ्ट कई तरह से प्रजनन स्वास्थ्य को खराब करती है।

### क्या सच में ऐसा होता है

डॉ. भारती धोरेपाटिल ने बताया कि चाहे वह पुरुष हो या महिला, अगर वह लगातार नाइट शिफ्ट में काम करता है तो खतरनाक तरीके से फर्टिलिटी भी कम होती है। अध्ययन में यह साबित हो चुका है कि नाइट शिफ्ट व्यक्ति के सार्केडिय रिद्म को खराब कर देता है जिसके कारण कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याएं आ जाती है। इससे प्रजनन स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। लगातार नाइट शिफ्ट में काम करने के कारण महिलाओं में पीरियड्स अनियमित होने लगते हैं, इससे गर्भ धारण करने के बाद गर्भपात की आशंका बढ़ जाती है। वहीं, महिलाओं में रिप्रोडक्टिव हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्ट्रोन कम होने लगता है, जिसके कारण प्रेग्नेंसी में भी दिक्कत हो सकती है। वहीं, पुरुषों के स्पर्म को नाइट शिफ्ट बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। नाइट शिफ्ट के कारण पुरुषों में हार्मोन का बैलेंस बिगड़ जाता है, जिसके कारण सर्केडियन रिद्म बिगड़ जाता है और स्पर्म की गुणवत्ता खराब होने लगती है। इससे बाप बनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।



### नाइट शिफ्ट से महिलाओं को नुकसान

डॉ. भारती धोरेपाटिल कहती हैं कि अगर महिला नाइट शिफ्ट में लगातार काम कर रही हैं तो खतरनाक स्थिति में पीरियड्स या मासिक धर्म कभी देर से तो कभी पहले आ सकता है या कभी-कभी बहुत दिनों तक आता ही नहीं है, इससे अंडे नीचे नहीं उतर पाता है। यह सब प्रेग्नेंसी को होने में मुश्किल में डाल सकता है। अगर, बहुत लंबे समय तक सर्केडियन रिद्म ठीक नहीं हुआ है कि अंडा बनने में काफी परेशानी होगी और इससे मां बनने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

### पुरुषों में नाइट शिफ्ट का खतरा

जब कोई पुरुष बहुत लंबे समय से नाइट शिफ्ट कर रहा है तो इससे स्पर्म की संख्या सहित उसकी गतिशीलता और उसका आकार भी परिवर्तित होगा। इस सबके कारण स्पर्म की गुणवत्ता खराब होने लगेगी और ऐसे व्यक्तियों के बाप बनने में बहुत परेशानी होगी। वहीं, कई तरह के प्रजनन संबंधी हार्मोन कम बनने लगेंगे। अगर बहुत लंबे समय तक नाइट शिफ्ट किया जाए तो स्पर्म का डीएनए टूटने लगेगा, जिससे बच्चा होने में काफी परेशानियों को सामना करना होगा और अगर इस स्पर्म से प्रेग्नेंसी होती भी है तो गर्भपात की

## इन छोटे दानों के धुएं से पाएं हर दर्द से छुटकारा, खांसी-जुकाम और बुखार में भी असरदार

ठंडी के मौसम में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुख़ार जैसी बीमारियां आम बात है। इस मौसम में अक्सर लोग इन बीमारियों के चपेट में आ जाते हैं। आज हम एक ऐसे मसाले के बारे में बात करने जा रहे हैं जो न केवल ठंड में होने वाली बीमारियों से बचाव करेगा बल्कि, अन्य भी कई बीमारियों के साथ ठंड को भी कोसों दूर रखेगा। सही सुना आपने इस मसाले को अजवाइन के नाम से जानते हैं।



डॉ. प्रियंका सिंह ने बताया कि अजवाइन खासतौर से ठंड में बेहद लाभकारी और उपयोगी होती है। औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से अजवाइन का आयुर्वेद में विस्तृत वर्णन किया गया है। यह एक नहीं, बल्कि कई बीमारियों के इलाज में रामबाण साबित हो सकती है। अजवाइन में प्रोटीन, फाइबर, फास्फोरस, कैल्शियम, आयरन और कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। पाचन संबंधी समस्या से राहत पाने के लिए अजवाइन सबसे कारगर उपायों में से एक माना जाता है।

वहीं, उन्होंने कहा कि इस सीजन में सर्दी-जुकाम की समस्या काफी होती हैं, इसको ठीक करने के लिए लगभग 250 ग्राम अजवाइन को सूती कपड़े में बांधकर तवे पर गर्म कर सूंघने मात्र से सर्दी-जुकाम में आराम मिलता है। कफ अधिक निकलने की स्थिति में बार-बार खांसी आती हो तो अजवाइन के चूर्ण को घी और शहद मिलाकर चाटने से राहत मिलता हैं।

## डायबिटीज रोगियों को इन बीमारियों का भी रहता है खतरा, जा सकती है जान

मधुमेह या डायबिटीज एक गंभीर और क्रोनिक बीमारी है, जिसका जोखिम दुनियाभर में तेजी से बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में 53 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी के शिकार हैं और अगले दो दशकों में रोगियों की संख्या 80 करोड़ के आंकड़े को छू सकती है। भले ही डायबिटीज के सबसे ज्यादा मरीज टाइप-2 वाले हों, पर ये कई प्रकार की हो सकती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक किसी भी उम्र का व्यक्ति इस रोग से पीड़ित हो सकता है, इसलिए सभी लोगों को डायबिटीज के बारे में सही जानकारी होना और इससे बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती इस गंभीर और क्रोनिक बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने, इससे बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है।



### कैसे प्रभावित करती है मधुमेह की समस्या?

जिन लोगों को मधुमेह है उनका ब्लड शुगर अक्सर सामान्य से अधिक बना रह सकता है। हम जो भोजन करते हैं उससे ग्लूकोज मिलता है जिससे शरीर को काम करने की उर्जा मिलती है। इंसुलिन नामक एक हार्मोन ग्लूकोज को आपकी कोशिकाओं में जाने में मदद करता है।

### कम हो सकती है आंखों की रोशनी

बढ़े हुए शुगर लेवल के कारण डायबिटीज रोगियों को आंखों से संबंधित समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। बढ़ा हुआ ब्लड शुगर आंखों में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है। इसे डायबिटिक रेटेनोपैथी के रूप में जाना जाता है। रेटिना में रक्त वाहिकाओं को पहुंचने वाले नुकसान के कारण दृष्टि हानि या अंधापन हो सकता है। मधुमेह वाले लोगों में यह सबसे आम नेत्र रोग है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853 9827129838

CCTV, Biometrics, Fire Safety, Video Conf., Networking & IT Solutions, Vehicle Traking, Fire Detection, Boom Barrier Gate Automn, Audio Conf, Smart Class Set up, Walky Talky, Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड

## 'बेटा' का ट्रेलर हुआ रिलीज




चंद्रशेखर चकोर द्वारा निर्मित, निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'बेटा' का ट्रेलर रविवार 10 नवंबर को क्रिएटिव विजन यू ट्यूब चैनल में रिलीज किया गया। ट्रेलर में क्लासिकशैली झलक रही है। छत्तीसगढ़ी फिल्मप्रेमियों में ट्रेलर को देखकर फिल्म के प्रति भारी उत्सुकता बढ़ गई है। ट्रेलर लॉच के अवसर पर निर्देशक चंद्रशेखर चकोर ने बताया कि यह फिल्म 22 नवंबर को छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों और मॉल्स में रिलीज होगी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म लीक से हटकर है। फिल्म बेटा के सभी गीत पहले ही काफी लोकप्रिय हो चुके हैं। वहीं, अब फिल्म के ट्रेलर को भी लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। ट्रेलर में फिल्म के मुख्य कलाकार पुमंगराज, हेमा शुक्ला, चकोर, सालिनी विश्वकर्मा, शिवआनंद, लेखाश्री नायक, घनश्याम वर्मा का अभिनय स्वाभाविक लग रहा है। यह फिल्म पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। छत्तीसगढ़ी के ग्रामीण अंचल के रीत-रिवाजों, परिवेश व वेशभूषा को शानदार ढंग से फिल्मांकन किया गया है। फिल्म में हास्य-परिहास के साथ के कई मार्मिक दृश्य हैं।

### हॉलीवुड

## अपनी ही फिल्म 'जोकर 2' को टिम डिलन ने बताया बकवास, बोले- फिल्म में नहीं है कोई कहानी



कॉमेडियन टिम डिलन को 'जोकरः फोली ए डेक्स' यानी 'जोकर 2' में एक आर्कम असाइलम सुरक्षा गार्ड के रूप में एक छोटी सी भूमिका निभाते देखा गया। इस फिल्म के बाद वे 'द जो रोगन एक्सपीरियंस' में भी नजर आए। कॉमेडियन टिम डिलन टॉड फिलिप्स की फिल्म 'जोकर' के सीक्वल को अब तक की सबसे खराब फिल्म बताया है। इस फिल्म को सबसे ज्यादा नकारात्मक समीक्षा मिलीं और बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म फ्लॉप रही। 58 मिलियन घरेलू और 204 मिलियन दुनिया भर में फ्लॉप रही, जो 2019 की पहली फिल्म जोकर की एक बिलियन की कमाई से बहुत कम है। कॉमेडियन टिम डिलन ने कहा कि यह फिल्म अब तक की सबसे खराब फिल्म है। इस फिल्म की रिलीज के बाद मुझे सुनने को मिला कि इसे गलत तरह के लोगों ने पसंद किया। किसी ने कहा इसने गलत तरह का संदेश भेजा। कुछ लोगों ने माना कि इसमें पुरुष क्रोध दिखाया गया। किसी ने कहा इसमें शून्यवाद दिखाया गया। उन्होंने कहा फिल्म का कोई प्लॉट नहीं है। हम वहां बैठते थे, मैं और ये दूसरे लोग सभी सुरक्षा पोशाक पहनते थे। हम वहां की बातें सुनते और सोचते थे, ये क्या बकवास है। कहानी क्या है हमें खुद नहीं पता। क्या कुछ खास है। यह देखने में भी नफरत करने लायक नहीं है। ये इतनी भयानक कहानी है।

### टॉलीवुड


## सिंघम-मंजुलिका का खेल खत्म करने आ रहा है 'कंगुवा, धांसू एक्शन देख ऑडियंस हिल जाएगी



सिनेमाघरों में इन दिनों अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' और कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' धमाल मचा रही हैं। हालांकि, अब इन दोनों फिल्मों की छुटटी करने के लिए सूर्या और बॉबी देओल की 'कंगुवा'आ रही है। हाल ही में इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें सूर्या और बॉबी देओल का धांसू एक्शन देख आपका दिमाग हिल जाएगा। सूर्या और बॉबी देओल स्टारर 'कंगुवा'साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। इस अपकमिंग फिल्म के पोस्टर और अब रिलीज किए गए दूसरे ट्रेलर ने 'कंगुवा'को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पीक पर पहुंचा दी है। दूसरे ट्रेलर में सूर्या और बॉबी देओल होश उड़ा देने वाले लुक में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में सूर्या दो अलग-अलग टाइमलाइन में नज़र आते हैं। एक में वह मॉर्डन युग में स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरे में वह अतीत में दुश्मनों से लड़ते हुए एक क्रूर योद्धा के रूप में दिखाई दे रहे है। ट्रेलर में बॉबी देओल भी खतरनाक अवतार में दिख रहे हैं। ओवरऑल 'कंगुवा' का ट्रेलर दिमाग हिला देने वाला है। तमिल पीरियड ड्रामा फिल्म 'कंगुवा'को साल की सबसे बड़ी और महंगी फिल्मों में से एक बताया जा रहा है। इस फिल्म का बजट 350 करोड़ से ज्यादा का बताया जा रहा है। इसके साथ ही बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग कई देशों और भारत में कई महाद्वीपों पर की गई है। 'कंगुवा' की स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में सूर्या और बॉबी देओल के अलाला दिशा पटानी, नटराजन सुब्रमण्यम, जगपति बाबू, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला आनंदराज, मारीमुथु, दीपा वेंकट, रवि राघवेंद्र और केएस रविवार कुमार ने अहम रोल प्ले किया है।

### लाइफ स्टाइल

## बिकिनी के ऊपर सांप



तमन्ना भाटिया कभी साड़ी या लहंगे में अपनी अदाओं से दीवाना बना जाती हैं, तो कभी वेस्टर्न लुक में उनका स्टाइल कमाल लगता है। अब ब्लैक कलर की स्टनिंग आउटफिट पहन एक इवेंट में पहुंची हसीना चर्चा में छा गईं। अपनी फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' के ट्रेलर लॉन्च पर हसीना अपनी किलर अदाएं दिखा गईं। जहां हर कोई उन्हें बस देखता रह गया। तमन्ना यहां गौरव गुप्ता के Aarohanam कलेक्शन से कस्टम आउटफिट को पहने नजर आ रही हैं। जिसे डिजाइनर ने कुंडलिनी आरोहणम से प्रेरित बताया है, जो एक शक्तिशाली ऊर्जा है जो इंसान के शरीर में होती है। जिसका रीढ़ की हड्डी और चक्र से भी संबंध है और इसे सांप के रूप में दर्शाया जाता है।

## हल्की-हल्की ठंड में रूखे पड़ते चेहरे पर लगाएं 2 फेस पैक, स्किन रहेगी हाइड्रेटेड और ग्लो रहेगा बरकरार

सर्दियां ने दस्तक दे दी है और इसका असर हमारी स्किन पर दिखना शुरू भी हो गया है। हवाओं में ठंडापन महसूस किया जा सकता है और इन्हीं सर्द हवाओं के कारण हमारा चेहरा बार-बार सूखने लगी है, क्योंकि बाकी हिस्सा ढका और चेहरा खुला रहता है। ऐसे में हम जितनी बार लोशन या क्रीम लगाते हैं तो त्वचा काली दिखने लगती है और उनका असर भी ज्यादा समय तक नहीं टिक पाता है। इसलिए आज हम आपको दो ऐसे असरदार फेस पैक बनाने का तरीका बताने वाले हैं, जो आपकी स्किन को मॉइस्चराइज रखकर नमी प्रदान करेगा, साथ ही चेहरे के ग्लो को बरकरार भी रखेगा।



### पहला नुस्खा है शहद का

सेहत हो या स्किन, सर्दियों में शहद दोनों के लिए ही फायदेमंद होता है। इसलिए आज हम आपको शहद से बने फेस पैक की रेमेडी बताने वाले हैं, जिसे तैयार करने के लिए आपको इन चीजों की जरूरत है-
शहद- 2 चम्मच, गुलाब जल- 2 चम्मच, केला- 1/2

### एलोवेरा से बनाएं विंटर फेस पैक

एलोवेरा एक ऐसा पौधा है जो हर मौसम में हमारी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। साथ ही हम इसके साथ हो ऐसी फायदेमंद सामग्रियों का इस्तेमाल करने वाले हैं जो स्किन को फ्रेश और मॉइस्चराइज रखेगी। आइए जानते हैं हमें किन चीजों की जरूरत है-
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच, नारियल का तेल- 1 चम्मच, चंदन पाउडर- 1/2 चम्मच

### ऐसे तैयार करें हनी फेस पैक

सबसे पहले आप एक कटोरी लें और उसमें आधा केला डालकर अच्छे से मैश कर लें।अब इसमें 2-2 चम्मच शहद और चम्मच गुलाब जल डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
अब तैयार पैक को अपने चेहरे पर गर्दन वाले एरिया पर लगाएं और 10 -15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।
समय पूरा होने के बाद हल्के गुनगुने पानी से फेस वॉश कर लें।
चेहरे पर हाथ लगाकर देखें कैसे आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा स्मूथ हो गई है और पहले जैसा खुरदरापन दूर हो गया है।
आप रोजाना या फिर हर दूसरे दिन इस नुस्खा का इस्तेमाल कर सकते हैं और अपनी स्किन को हाइड्रेट रख सकते हैं।
ध्यान रखें कि फेस वॉश करने के बाद हाइड्रेटिंग क्रीम लगाना न भूलें और होंठों की भी पूरी देखभाल करें।

## तुलसी विवाह के लिए खास तरह से तैयार हों विवाहित महिलाएं

फैशन



दिवाली के बाद देवोत्थान एकादशी का दिन आता है, जिसका सनातन धर्म में काफी महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु दोबारा अपना कार्यभार संभालते हैं, ऐसे में इसी दिन से सभी शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। ये एकादशी इसलिए भी काफी खास होती है, क्योंकि इसी दिन तुलसी विवाह भी कराया जाता है।

कहा जाता है कि, इस दिन माता तुलसी का विवाह कराने से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। ऐसे में सुहागिन महिलाएं इस दिन खूब सच्चे मन से पूजा अर्चना करती हैं और अपने लिए अखंड सुहाग की कामना करती हैं। इस पूजा में शामिल होने के लिए सुहागिन महिलाएं खुद भी पूरा श्रृंगार करती हैं। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि सुहागिन महिलाओं को इस दिन की पूजा में कैसे सजना चाहिए।

**एथनिक हो आउटफिट :** तुलसी पूजा के समय तैयार होने के लिए हमेशा साड़ी या लहंगा ही पहनें। अगर आप चाहें तो सूट भी कैरी कर सकती हैं। इन तीनों आउटफिट के साथ दुपट्टा जरूर कैरी करें। चाहें तो अपनी शादी की चुनरी सिर पर ओढ़ लें, ताकि आपका लुक भी प्यारा दिखे।

**रंग का रखें ध्यान :** आपका ये एथनिक आउटफिट खास रंग का ही होना चाहिए। पूजा के समय तो खासकर लाल, हरे, और पीले रंग को अधिक पसंद किया जाता है क्योंकि ये रंग शुभ माने जाते हैं। आपके कपड़े काले, नीले या सफेद तो बिल्कुल भी नहीं होने चाहिए।




**आभूषण हैं जरूरी :** तुलसी विवाह के दिन सोने, चांदी या कुंदन के आभूषण पहनना शुभ माना जाता है। ऐसे में आप मांग टीका, बिछिया, चूड़ियां और पैरों में पायल पहन सकती हैं।

**हाथों पर रचाएं मेहंदी :** पूजा-पाठ के समय सुहागिन महिलाओं का हाथों और पैरों पर मेहंदी लगाना शुभ होता है। इससे सुहागिनों का सौंदर्य और भी निखरता है। ऐसे में अपने हाथों पर तो मेहंदी अवश्य ही रचाएं।

## बिना पार्लर जाए घर पर ही करें मिल्क फेशियल, चांद सा चमकेगा चेहरा

यदि आपको अचानक कहीं जाना है तो बिना पार्लर जाए घर पर ही आसान तरीके से मिल्क फेशियल करें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। कौन नहीं चाहता कि उनकी त्वचा हमेशा खिली-खिली रहे और दमकती रहे। दमकती त्वचा पाने के लिए लोग न सिर्फ महंगे-महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं बल्कि साथ में महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट भी इस्तेमाल करते हैं। आज-कल तो बाजार में हर स्किन टाइप के हिसाब से ही तमाम प्रोडक्ट मिल जाते हैं जो इंस्टेंट ग्लो भी देते हैं। लेकिन, बहुत से लोगों को बाजारों में मिलने वाले प्रोडक्ट सूट नहीं करते। ऐसे में वो दादी-नानी के नुस्खे अपनाते हैं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं तो हम भी यहां आपको एक खास नुस्खा बताने जा रहे हैं। दरअसल, आप दूध से फेशियल करके आप अपनी त्वचा को दमका सकते हैं। यहां हम आपको दूध से फेशियल करने का सही तरीका भी बताने जा रहे हैं।



### पहले करें चेहरा साफ


मिल्क फेशियल करने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को हल्के क्लीजिंग मिल्क की मदद से अच्छी तरह साफ कर लें, ताकि आपके चेहरे का मेकअप और गंदगी हट जाए। इससे फेशियल ज्यादा असर दिखाएगा।

**अब बारी आती है मास्क की :** चेहरे को साफ करने के बाद फेस मास्क तैयार करें। इसके लिए 2-3 चम्मच दूध में 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। यह मास्क आपकी त्वचा को हाइड्रेट करेगा और उसे सॉफ्ट बनाएगा। कुछ देर के बाद गुनगुने पानी से चेहरा गीला करें और चेहरे की मसाज करें। पांच मिनट मसाज करके चेहरा धो दें।

## दुल्हन बनने वाली हैं तो जान लें ये ट्रेंडी मेकअप, लुक को बनाएं खूबसूरत

शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। हर दुल्हन शादी वाले दिन सबसे सुंदर दिखना चाहती है। लेकिन सुंदर दिखने के चक्कर में अपने मेकअप के साथ गड़बड़ ना कर लें। कई बार ज्यादा मेकअप या आउटडेटेड मेकअप ना केवल आपके ब्राइडल लुक को बोरिंग बना देते हैं बल्कि लाइफ टाइम उन फोटोज को भी खराब कर देते हैं। तो अगर आप चाहती हैं कि दुल्हन वाला मेकअप बिल्कुल ट्रेंडी और परफेक्ट दिखे तो साल 2024 के इन लेटेस्ट मेकअप लुक को ट्राई करें।

**नेचुरल ग्लो :** मिनिमम मेकअप और नेचुरल ग्लो लड़कियों की पहली पसंद बन गई है। शादी से महीनाभर पहले से ही स्किन को ग्लोइंग बनाने की तैयारी करें। फिर



मेकअप के लिए लाइटवेट फाउंडेशन, ग्लोइंग प्राइमर और सॉफ्ट हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। जिससे स्किन पर नेचुरल शाइन दिखे और आप हैवी मेकअप से बचे रहें।

**बोल्ड आई मेकअप विद न्यूट्रल लिप शेड :** बोल्ड आई मेकअप के साथ सॉफ्ट न्यूट्रल शेड लिप कलर इस बार भी ट्रेंड में है। फॉल्स लैशेज के साथ स्मज प्रूफ काजल और आईलाइनर और आईशैडो का इस्तेमाल करें। जिससे मेकअप सारी रात फ्रेश दिखे।

**आईब्रो हो वेल पॉलिश्ड :** फेस को परफेक्ट शेप देना चाहते हैं तो अच्छी तरह से डिफाइन आईब्रो को जरूर सेट करें। मेकअप में सबसे पहले आईब्रो को अच्छी तरह से सेट करें। खाली गैप को भरें और टिंटेड ब्रो जेल की मदद से नेचुरल आर्क और शेप दें। जिससे आंखों के साथ पूरे चेहरे की नेचुरल ब्यूटी दिखती है।

**स्पार्कली या ब्लश टोंड आईज :** आंखों के मेकअप में स्पार्कल और ग्लिटर का इस्तेमाल करें या फिर ब्लश शेड की मदद से आंखों का मेकअप कंप्लीट करें। ये दो आई मेकअप चेहरे को नेचुरल चार्म और बैलेंस बनाने में मदद करेंगे।

### कार्नर न्यूज

## ठंडी और खुश्क हवाओं की वजह से त्वचा में रूखापन बढ़ने लगता है

*सर्दियों के मौसम की शुरुआत होते ही शुरू हो जाती हैं स्किन से जुड़ी ढेर सारी प्रॉब्लम्स। इस मौसम में चलने वाली ठंडी और खुश्क हवाओं की वजह से त्वचा में रूखापन बढ़ने लगता है, जिससे ये बेजान सी दिखने लगती है। ऐसे में अगर स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो धीरे-धीरे इसकी रंगत भी फीकी पड़ने लगती है। यही वजह है कि डॉक्टर भी सर्दियों में स्किन का प्रॉपर ध्यान रखने की सलाह देते हैं। यूं तो इसके लिए मार्केट में कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स अवेलेबल हैं, लेकिन इन प्रोडक्ट्स में हार्ष केमिकल्स मिले होने के कारण कई बार इनके साइड इफेक्ट्स भी देखने को मिल जाते हैं। ऐसे में क्यों ना केमिकल वाले कॉस्मेटिक के बजाय, कुछ घरेलू नुस्खों को आजमाया जाए।*

## सर्दियों में इन 6 चीजों का इस्तेमाल देगा आपको ग्लोइंग स्किन, चेहरे का निखार देख दंग रह जाएंगे लोग



### खूब पीएं पानी

गर्मियों के मौसम में थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास लगती रहती है, जिससे हम खूब सारा पानी पीते रहते हैं। लेकिन वहीं सर्दियों में पानी जैसे दुश्मन दिखाई देने लगता है। सिर्फ थोड़ा बहुत नाम का पानी पीने के अलावा, लोग शरीर की हाइड्रेशन का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते। इसका साफ असर हमारी स्किन पर भी दिखाई देता है, जो काफी रुखी और बेजान दिखने लगती है।

### अच्छे मॉइश्चराइजर का करें इस्तेमाल

सर्दियों के मौसम में स्किन ड्राई होने की प्रॉब्लम सबसे आम होती है और इसी वजह से त्वचा की चमक भी कम होने लगती है। इसलिए इस मौसम में स्किन को मॉइश्चराइज करना बहुत जरूरी होता है। सर्दियों के मौसम में त्वचा को ड्राई होने से बचाने के लिए, समय-समय पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते रहें।

### शहद से स्किन को करें सॉफ्ट और हाइड्रेट

सर्दियों के मौसम में स्किन को सॉफ्ट, हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने के लिए आप शहद का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये एक बिना साइड इफेक्ट वाली बहुत ही कारगर होम रेमेडी है। इसके लिए बस अपने फेस को अच्छे से वॉश करने के बाद शहद की एक पतली सी लेयर अपने चेहरे पर अप्लाई कर लें। इसे यूं ही पंद्रह से बीस मिनट के लिए छोड़ दें और हल्के गुनगुने पानी से फेस को वॉश कर लें। हफ्ते में ऐसा दो या तीन दिन करने पर आपकी स्किन का निखार देखने लायक होगा। आपकी स्किन पहले से ज्यादा सॉफ्ट, हाइड्रेट, क्लियर और ग्लोइंग हो जाएगी। ऑयलिंग करने से भी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में स्किन को एक्स्ट्रा ड्राइनेस से बचाने के लिए ऑयलिंग एक बेहतरीन ऑप्शन हो है।

### चेहरे की सफाई का रखें ध्यान

सर्दियों के मौसम में अक्सर लोग नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं और फिर चेहरा भी उसी से धो लेते हैं। लेकिन इससे धीरे-धीरे चेहरे की रंगत फीकी पड़ने लगती है। सर्दियों के मौसम में अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहती हैं तो चेहरा धोने के लिए हमेशा ताजे पानी का ही इस्तेमाल करें। आप चाहें तो हलके गुनगुने पानी से भी चेहरा धो सकती हैं। इसके अलावा फेस पर सॉफ्ट फेस वॉश का इस्तेमाल करें जो चेहरे को ज्यादा ड्राई ना करें। आप घर की चीजों जैसी मलाई और दही बेसन का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**गुलाबजल, नींबू और ग्लिसरीन की जोड़ी करेगी जादू :** सर्दियों में चेहरे की रंगत को फटाफट निखारना है तो इससे बेहतर शायद ही कोई और ऑप्शन होगा। बस एक शीशी में गुलाबजल और ग्लिसरीन को बराबर मात्रा में मिलाकर रख लें।